कोटद्वार, शनिवार
19 अक्टूबर 2024
वर्षः 46
अंकः 170 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### कार सवार बदमाशों ने की ग्रामीण के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग

हरिद्वार। हरिद्वार जिले के लक्सर शहर के ढाढेकी गांव में कार से आए बदमाशों ने ग्रामीण के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और फिर भाग गए। ग्रामीण के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना रिकॉर्ड हुई है। लक्सर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को पहचानने की कोशिश कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामला ग्रामीण के बेटे की किसी से रंजिश से जुड़ा लग रहा है। कोतवाली के ढाढेकी गांव निवासी चंदकिरण पुत्र छतर सिंह इकबालपुर चीनी मिल में काम करते हैं। गुरुवार रात वे ड्यूटी पर थे। उनकी मां समेत पूरा परिवार घर था। शुक्रवार तड़के सवा चार बजे एक कार उनके घर के बाहर पहुंचकर रुकी। उसमें से दो लोग नीचे उतरे और मकान के मेन गेट पर तमंचों से ताबड़तोड़ फायरिंग की। इनमे से एक गोली लोहे का दरवाजा पार करके भीतर दीवार पर लगी, जबकि दूसरी दरवाजे से टकराकर वहीं गिर गई। धमाके की आवाज सुनकर लोग जागे तो बदमाश भाग गए। पूरी घटना चंदकिरण के घर के सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। बाद में पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली, साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ले लिया है। एसएसआई मनोज गैरोला ने बताया कि मामला चंदकिरण के बेटे की किसी के साथ रंजिश से जुड़ा लग रहा है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से गोली चलाने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी मामले का खुलासा कर बदमाशों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### लक्सर–रुड़की रूट की कई ट्रेनें 24 अक्तूबर तक प्रभावित रहेंगी

रुड़की। पंजाब में जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन के यार्ड में शनिवार से रिमॉडलिंग का काम हो रहा है। इस दौरान लिए गए सात दिन के मेगा ब्लॉक में 24 ट्रेनों के संचालन प्रभावित रहेगा। इनमें कई ट्रेन पंजाब से रुड़की और लक्सर होकर जाने वाली भी हैं। फिरोजपुर मंडल के जालंधर कैंट स्टेशन पर 18 से 24 अक्तूबर तक यार्ड रिमॉडलिंग का काम होना है। इस मेगा ब्लॉक में 20 अक्तूबर में अमृतसर–कानपुर–अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और दरभंगा–जालंधर–दरभंगा, अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन अंबाला में शॉर्ट टर्मिनेट (सफर समापन) की जाएंगी। सहरसा से अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस भी 20 अक्तूबर को चंडीगढ़ में ही शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इनके अलावा 23 अक्तूबर को जम्मूतवी से सियालहाद, सियालदह एक्सप्रेस और अमृतसर से जयनगर क्लोन एक्सप्रेस को बदले हुए रूट से चलाया जाएगा। बताया कि जयनगर से अमृतसर, शहीद एक्सप्रेस, पूर्णिया कोर्ट से अमृतसर, जनसेवा एक्सप्रेस व जयनगर से अमृतसर, सरयू यमुना एक्सप्रेस ट्रेन 24 अक्तूबर तक 30 से 60 मिनट लेट होकर चलेंगी।

### मध्यप्रदेश के युवक ने फांसी लगा दी जान

ऋषिकेश। संयुक्त यात्रा बस अड्डे के पास एक होटल में मध्यप्रदेश के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से पुलिस ने एक सुसाइड नोट मिलने का दावा किया है, जिसमें मानसिक तनाव का जिक्र होने की बात कही है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे होटल स्टाफ ने एक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने की सूचना दी। अनहोनी की आशंका में फौरन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बलपूर्वक दरवाजा खोला तो युवक पंखे से लटका मिला। पूछताछ में पता चला कि 27 वर्षीय सत्यम कटिल निवासी टीकमगढ़, मध्यप्रदेश 16 अक्तूबर को होटल में आकर ठहरा था। एसआई प्रकाश पोखरियाल ने बताया कि सत्यम रोजाना में सुबह निकल जाता था और शाम को फिर से होटल पहुंचता था। शुक्रवार सुबह कमरे का दरवाजा नहीं खुलने की होटल स्टाफ को शक हुआ। बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेजा गया है। इस बाबत परिजनों को भी अवगत करा दिया गया है। होटल के कमरे से एक सुसाइट नोट भी मिला, जिसमें सत्यम ने वित्तीय कारणों से मानसिक तनाव की बात अंकित आत्महत्या करने का जिक्रकिया है।

पहले एनकाउंटर और अब घर पर बुलडोजर

## 30 घरों पर चलेगा 'पीला पंजा'! अब्दुल हमीद के घर पर नोटिस चस्पा

बहराइच स्थित महसी तहसील क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद के घर पर जल्द ही योगी सरकार का बुल्डोजर चलने जा रहा है। शुक्रवार की शाम लोकनिर्माण विभाग द्वारा इनके घर पर अतिक्रमण को लेकर नोटिस चस्पा की गई है। यदि तीन दिनों में इनके द्वारा इसका जवाब न दिया गया तो पूरे घर को ध्वस्तीकरण करने की कार्रवाई होगी। इसके साथ ही यहां के करीब 30 घरों पर यह नोटिस चस्पा हो रही है। ऐसे में इन सभी के खिलाफ बुल्डोजर एक्शन होना तय माना जा रहा है। यह सभी इस हिंसा में शामिल आरोपियों के ही घर बताए जा रहे है। वहीं इस मामले में लापरवाही मिलने पर एएसपी को भी हटाने की तैयारी है। जबकि तहसीलदार को डीएम कार्यालय अटैच कर दिया गया है।



नोटिस चस्पा करते अधिकारी

शुक्रवार की शाम पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की टीम ने महाराजगंज गांव में हिंसा के नामजद आरोपी अब्दुल हमीद सहित करीब 30 घरों की नापजोख की है। उनके अवैध होने व अतिक्रमण हटाने का नोटिस भी चस्पा की गई है। सूत्रों के अनुसार औपचारिकताएं पूरी कर शीघ्र इन पर बुलडोजर की कार्यवाही की जा सकती है। सूत्रों का यह भी कहना है कि सबसे पहले कार्यवाही अब्दुल हमीद के घर पर हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नापजोख हुई है, जो अधिकारी नाप जोख करने आए थे उनका कहना था कि सड़क किनारे बने अब्दुल हमीद सहित काफी सारे मकान इस तरह अवैध बने हैं कि उनके कारण कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है, इन मकानों को गिराने की बात भी की जा रही थी। बता दें कि अब्दुल हमीद वही नामजद आरोपी है जिसके घर में रामगोपाल मिश्र की गोली मारकर हत्या की गई है।

### हरियाणा में पराली जलाने पर सख्ती

चंडीगढ़। हरियाणा में पराली जलाने वाले किसानों पर अब एफआईआर की जाएगी। साथ ही वे अगले दो सीजन (रबी व खरीफ) मंडियों में फसल भी नहीं बेच पाएंगे। उनकी फसल को सरकार एमएसपी पर नहीं खरीदेगी। हरियाणा कृषि विभाग के निदेशक ने इसको लेकर प्रदेशभर के सभी डीसी और उप कृषि निदेशकों को पत्र जारी किया है। उधर, शपथ के बाद कार्यभार संभालते ही सरकार नायब सैनी सरकार कांग्रेस घेरने में जुट गई है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाले ने इसे तानाशाही करार दिया है, साथ ही तुरंत इसे वापसी की मांग की है। उधर, विपक्ष के हमलावर होते ही मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मोर्चा संभाल लिया है।

सैनी ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं होगा, हमारे अधिकारी किसानों को समझाएंगे। दरअसल हरियाणा में हर साल पराली जलाने का मुद्दा उठता है। खासकर दिल्ली में प्रदूषण बढ़ते ही दिल्ली सरकार हरियाणा को जिम्मेदार ठहराती है।

पीएफआई पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

## देश भर में 56 करोड़ रुपये की कुल 35 अचल संपत्तियां की जब्त

दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत कई ट्रस्टों, कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के स्वामित्व और नियंत्रण वाली 35.43 करोड़ रुपये की 19 अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। जानकारी के मुताबिक जांच एजेंसी ने 16 अक्टूबर को इन संपत्तियों को कुर्क किया। इससे पहले, ईडी ने 16 अप्रैल को 21.13 करोड़ रुपये मूल्य की 16 अचल संपत्तियों को भी कुर्क किया था। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और अन्य मामले में अब तक एजेंसी की तरफ से 56.56 रुपये की कुल 35 अचल संपत्तियां कुर्क की गई हैं।

**'भारत में जिहाद के माध्यम से इस्लामी आंदोलन बना रहा था पीएफआई**

प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में कहा कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पॉपुलर



फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) भारत में एक जिहाद के माध्यम से इस्लामी आंदोलन बनाने के लिए काम कर रहा था, जिसमें अहिंसक हवाई हमले और गुरिल्ला थिएटर के अलावा क्रूरता और दमन के कई तरीके शामिल थे। संघीय एजेंसी ने एक बयान जारी कर कहा कि उसने संगठन और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ चल रही जांच के तहत 35 करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्तियां कुर्क की हैं, जो कई ट्रस्टों, कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर पीएफआई के लाभकारी स्वामित्व और नियंत्रण में हैं।

ईडी ,एनआईए ने देशभर में की छापेमारी

ईडी, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और कई राज्य पुलिस बलों की तरफ से इसके पदाधिकारियों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ देश भर में छापेमारी करने के बाद सितंबर 2022 में केंद्र ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 2006 में केरल में गठित लेकिन दिल्ली में मुख्यालय वाले पीएफआई के वास्तविक उद्देश्य इसके संविधान में बताए गए उद्देश्यों से अलग हैं। पीएफआई के वास्तविक उद्देश्यों में जिहाद के माध्यम से भारत में इस्लामी आंदोलन को अंजाम देने के लिए एक संगठन का गठन करना शामिल है, हालांकि पीएफआई खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में पेश करता है।

# राज्य में यूसीसी लागू करने के लिए कैबिनेट में जल्द तय होगी तिथि : धामी

उत्तराखण्ड में यूसीसी लागू करने के लिए नियमावली और क्रियान्वयन समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा ड्राफ्ट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम के राज्य में क्रियान्वयन के लिए सेवानिवृत्त आई.ए.एस. शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में बनाई गई 'नियमावली और क्रियान्वयन समिति' ने शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नियमावली का ड्राफ्ट सौंपा।

समिति द्वारा समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम की नियमावली का ड्राफ्ट सौंपे जाने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद हमने मंत्रीमंडल की पहली बैठक में निर्णय लिया कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करेंगे। सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति बनाई गई। कमेटी के रिपोर्ट सौंपने के बाद 07 फरवरी, 2024 को राज्य विधानसभा में पारित किया गया। उत्तराखण्ड समान



नागरिक संहिता विधेयक 2024 पर महामहिम राष्ट्रपति की सहमति के बाद 12 मार्च, 2024 को समान नागरिक संहिता उत्तराखण्ड, 2024 अधिनियम पारित हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता अधिनियम की नियमावली सौंपी गई है। इस नियमावली में मुख्य रूप से चार भाग है। जिसमें विवाह एवं विवाह-विच्छेद लिव-इन रिलेशनशिप, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण तथा उत्तराधिकार सम्बन्धी नियमों के पंजीकरण संबंधी प्रक्रियाएं उल्लिखित है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मंत्रीमंडल की बैठक में इस अधिनियम को राज्य में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तिथि तय की जायेगी। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत इस समान नागरिक संहिता के लिए एक पोर्टल तथा मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं जनसामान्य को ऑनलाइन माध्यम से सुलभ हो सके। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में सबको समान रूप से न्याय मिले। महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विधेयक बना है। जल्द इस अधिनियम को धरातल पर उतारा जायेगा। आजादी के बाद उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य बन जायेगा जिसे समान नागरिक संहिता लागू करने का गौरव प्राप्त होगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आई.ए.एस. शत्रुघ्न सिंह, सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा और स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, विशेष सचिव श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

### घुलने लगा सांसों में 'जहर': बेहद खराब श्रेणी की दहलीज पर दिल्ली की हवा


दिल्ली। राजधानी में सर्दी शुरू होने से पहले ही हवा बेहद खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को सांस लेने में अब और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शुक्रवार को लोगों ने खराब हवा में सांस ली। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 292 दर्ज किया। कमोबेश यही स्थिति शनिवार तक बने रहने की आशंका है। जबकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का अनुमान है कि रविवार से वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो सकती है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार आनंद विहार और वजीरपुर सहित 13 इलाकों में हवा अति गंभीर से गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। जबकि रोहिणी, द्वारका, अशोक विहार समेत 19 इलाकों में बेहद खराब श्रेणी में हवा रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक दिल्ली में वेंटिलेशन इंडेक्स तीन हजार वर्ग मीटर रही। यह औसत से कम है। डिसिजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के अनुसार दिल्ली के वायु प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी 0.582 फीसदी रही। पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को हवा में पराली के धुएं की हिस्सेदारी 1.87 फीसदी रह सकती है।

## एससी आरक्षण में महादलितों की अलग हिस्सेदारी

- विपक्ष की राजनीति को मोदी की कड़ी टक्कर

हरियाणा। हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शपथ लेने के दूसरे ही दिन अनुसूचित जातियों को मिलने वाले आरक्षण के उपवर्गीकरण को हरी झंडी दिखा दी है। भाजपा का यह दांव हरियाणा की उस जनता को धन्यवाद भी कहा जा सकता है जिसने कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा झुके चुनाव में भाजपा को न केवल पूर्ण बहुमत की सत्ता दिला दी, बल्कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के हौसले अगली लड़ाई के लिए भी मजबूत कर दिये। अब भाजपा इसी दांव के सहारे महाराष्ट्र और झारखंड में भी बड़ा उलटफेर करने की कोशिश करेगी जहां अलग–अलग कारणों से वह इस समय भी बहुत मजबूत स्थिति में नहीं है।


दरअसल, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों ने जातिगत राजनीति करने वाले दलों के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर दिया था। इन चुनाव परिणामों से स्पष्ट हुआ था कि जिस अति पिछड़ी और अति दलित जातियों ने अब तक सपा–बसपा या राजद जैसे दलों का साथ दिया था, अचानक वे भाजपा के साथ आ गई थीं। इसके एक वर्ग के वोट ने भाजपा को अजेय बना दिया था। 2024 के चुनावों में जिस तरह राहुल गांधी



की अगुवाई में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संविधान और आरक्षण का मुद्दा उठाया, यही वोट बैंक भाजपा से खिसक गया। इसका सीधा असर यह हुआ कि 2019 में 303 सीटों पर जीत हासिल करने वाली भाजपा अचानक लड़खड़ा गई। अब सरकार चलाने के लिए भी उसे जदयू और टीडीपी नाम के दो पैरों का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन जिस तरह हरियाणा के चुनाव में भाजपा को जीत मिली है, पार्टी को उम्मीद है कि उसका खिसका वोट बैंक एक बार फिर उसके पास वापस आया है। एससी कोटे के आरक्षण में उपवर्गीकरण कर भाजपा उसी वोट बैंक को मजबूत करना चाहती है जो 2014 और 2019 में उसकी जीत का मेरुदंड बना था।

## उत्तराखंड में सीआरपी—बीआरपी के 955 पदों पर भर्ती प्रक्रिया में होगा बदलाव

नैनीताल। शिक्षा विभाग में बीआरपी के 285 और सीआरपी के 670 पदों पर होने वाली भर्ती चयन प्रक्रिया में बदलाव होगा। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के रोजगार प्रयाग पोर्टल से रेंडम के बजाए अब मेरिट पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। शासन ने समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना कार्यालय से इसका प्रस्ताव मांगा है। सीआरपी, बीआरपी के 955 पदों के लिए 16,000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। शिक्षा विभाग में ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) और क्लस्टर रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) के पदों पर भर्ती के लिए 29 जून 2024 से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। आवेदन के बाद आउटसोर्स होने वाली इस भर्ती को लेकर सवाल खड़े हो रहे थे। बेरोजगारों एवं कुछ अभ्यर्थियों का कहना था कि सेवायोजन विभाग के प्रयाग पोर्टल से रेंडम आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया तो इससे अधिक अंक वाले अभ्यर्थी चयन से वंचित रह जाएंगे, जबकि कम मेरिट वाले अभ्यर्थी



चयनित हो जाएंगे। इससे मामला उलझ सकता है।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, चयन प्रक्रिया में आपत्ति के बाद शासन से मामले में दिशा निर्देश मांगा गया था कि रेंडम आधार पर चयन किया जाए या फिर मेरिट के आधार अभ्यर्थियों का चयन किया जाए। 16 अक्तूबर 2024 को शासन ने इस संबंध में समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशालय से रेंडम आधार पर चयन के स्थान पर मेरिट के आधार पर चयन का संशोधित प्रस्ताव शासन को भेजने का आदेश किया है।

शासनादेश है कि जो भर्ती होगी वह सेवायोजन विभाग के प्रयाग पोर्टल के माध्यम से होगी। पोर्टल से रेंडम चयन पर मेरिट वाले अभ्यर्थी भर्ती से वंचित हो सकते हैं। भर्ती मेरिट के आधार पर की जाए या फिर प्रयाग पोर्टल के माध्यम से इसके लिए शासन से दिशा निर्देश मांगा गया है।

**— झरना कमठान, शिक्षा महानिदेशक**

रोजगार प्रयाग पोर्टल से रेडम आधार पर भर्ती से यह होता है कि सॉफ्टवेयर 1,6000 अभ्यर्थियों में से मात्र 2500 अभ्यर्थियों का चयन करता। इसमें से कुछ अभ्यर्थियों की छंटनी के बाद अन्य को मेरिट के आधार पर नियुक्ति दी जाती। रेंडम से मेरिट वाले अभ्यर्थी नियुक्ति से वंचित रह जाते हैं। संगठन की ओर से विभाग से यह मांग की गई थी कि मेरिट या फिर लिखित परीक्षा के आधार पर सीआरपी, बीआरपी के पदों पर भर्ती की जाए।

### हरिद्वार जेल ब्रेक कांड– फरार शूटर पंकज का तहेरा भाई, उसका दोस्त गिरफ्तार

हरिद्वार। दशहरा से एक दिन पहले हरिद्वार जेल कैंपस में सीढ़ी लगाकर कुख्यात प्रवीण वाल्मीकि गैंग का आजीवन कारावास की सजा काट रहा शूटर पंकज और विचाराधीन कैदी रामकुमार दीवार फांदकर फरार हो गए थे। तीसरा आरोपी छोटू सीढ़ी के गिर जाने पर फरार नहीं पाया था।

रुड़की के चर्चित सफाई नायक बसंत चौधरी हत्याकांड में शूटर को पिछले साल उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। जबकि दूसरा आरोपी रामकुमार फिरौती वसूलने के आरोप में जेल में बंद था।

एसआईटी ने पिछले दिनों शूटर पंकज के मौसेरे भाई को उनकी मदद के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसके बाद नितिन कुमार पुत्र चंद्रकिरण और बॉबी पुत्र सुखपाल निवासीगण इस्माइलपुर, लक्सर का नाम मदद देने में सामने आया। बॉबी शूटर के ताऊका पुत्र है।

## किसानों की आय बढ़ाने का काम कर रहा है कैप: महाराज

विकासनगर। सेलाकुई में शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा, हमारी पारंपरिक खेती को जंगली जानवरों, अनियमित वर्षा और मौसम में परिवर्तन के कारण अत्यधिक नुकसान हो रहा है। किसानों की इन तमाम समस्याओं को देखते हुए वैकल्पिक खेती की अत्यधिक जरूरत है। सगंध पौधा केंद्र (कैप) ने किसानों की इन समस्याओं को देखते हुए इस दिशा में सार्थक पहल करते हुए सगंध खेती को प्रोत्साहित करने की मुहिम शुरू की है, जो सराहनीय है। पर्यटन, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने फ्रेग्रेंस एवं फ्लेवर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से सगंध पौधा केंद्र में शुक्रवार को प्रदेश के हिमालयी माइनर सगंध तेलों के विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का




विषय है कि वर्तमान में सगंध पौधा केंद्र उत्तराखंड में 109 अरोमा कलस्टरों में 28000 किसानों की ओर से 9000 से अधिक हेक्टेयर भूमि पर सगंध फसलों जैसे लेमनग्रास, मिंट, डेमस्क गुलाब, तेजपात, कैमोमिल आदि का कृषिकरण कर रहा है और 192 आसवन संयंत्रों के माध्यम से सुगंधित तेल का उत्पादन कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहा हैं। कहा कि सगंध पौधा केंद्र द्वारा अपने शोध परिणामों के आधार पर विगत कई वर्षों से नैसर्गिक रूप से उग रही हिमालय, माइनर एसेंसियल ऑयल प्रजातियों के प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## करवाचौथ पर सज गए बाजार, खूब हो रही खरीदारी

ऋषिकेश। पति की दीर्घायु की कामना का पर्व करवा चौथ 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। महिलाओं में करवाचौथ को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। करवाचौथ पर तीर्थनगरी के बाजार सज गए हैं। शुक्रवार को बाजारों में सुहागिन महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। इसके चलते बाजार देर रात तक गुलजार रहे। करवाचौथ के लिए अब एक दिन शेष हैं। ऐसे में अभी से महिलाएं तैयारी में जुटी हुई हैं, जिससे बाजार गुलजार हो गए हैं। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। बाजारों में रौनक बढ़ने से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं। करवाचौथ के पर्व पर बाजार में रंग–बिरंगी चूड़ियों व पूजन सामग्री की दुकानें भी सजी गई हैं। शुक्रवार को भी महिलाओं की बाजार में भारी भीड़ देखी गई। इस व्रत में महिलाएं



नए सूट व गहने का श्रृंगार कर पूजा करती हैं। महिलाएं इस दिन भगवान शिव–पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, चंद्रमा की पूजा करती हैं। ऋषिकेश के घाट रोड़, सुभाष चौक, मुखर्जी मार्ग बाजार, रेवले रोड़ सहित अन्य जगहों पर सुहागिन महिलाओं की भीड़ दुकानों में देखने को मिल रही है। सुभाष चौक पर मिट्टी का सामान यानी घड़े, दीए, करवा बेचने वाली दुकानों में रंगीन करवा खरीदने की होड़ महिलाओं में दिखी। ज्वैलरी की दुकानों में भी जमकर भीड़ उमड़ रही है।

**फैंसी चूड़ियों की खूब हुई खरीदारी**

करवाचौथ के मद्देनजर बाजारों में खास रौनक नजर आ रही है। करवाचौथ के लिए फैंसी चूड़ियों से दुकानें भरी हुई हैं। दुकानदार श्याम ने बताया कि धागे की वर्क वाली चूड़ियों को बेहद पसंद किया जा रहा है। कांच की चूड़ियों का स्वरूप भी बदलता जा रहा है। बाजार में बेहतर डिजाइनर की चूड़ियां का दाम 200 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक हैं।

**मेंहदी लगवाने को मची रही होड़**

करवा चौथ से पहले महिलाओं में मेंहदी लगवाने को लेकर हाड़ देखी जा रही है। घाट रोड़ पर अंकुर मेंहदी आर्ट के संचालक अंकुर प्रजापति ने बताया कि शुक्रवार को बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने हाथों में मेंहदी लगवाई है। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में साज सजावट के अलावा मेंहदी का काफी क्रेज है।

### सचिवालय संघ ने आंदोलन की दी चेतावनी

देहरादून। सचिवालय संघ ने लंबे समय से लंबित चली आ रही मांगों का निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। पेंशन प्रकरणों का समय पर समाधान न होने पर होने नाराजगी जताई। अपर मुख्य सचिव वित्त आंनद वर्द्धन को ज्ञापन सौंप कर्मचारियों का पक्ष रखा। अध्यक्ष सुनील लखेड़ा ने कहा कि रिटायर कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण का समय पर निस्तारण नहीं किया जा रहा है। वर्ष 2014 में समीक्षा अधिकारी के पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्न कर्मचारियों को 10 वर्ष की सेवा के बाद संशोधित एसीपी का लाभ दिया जाए। 30 जून और 31 दिसम्बर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ मंजूर करते हुए पेंशन मंजूर की जाए।

## सीएम योगी बोले— यूपी में असीमित क्षमता, पूरा होगा वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब तक के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। बैठक में विभिन्न मंत्रीगणों, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, सलाहकारों, विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 10 सेक्टरों में जारी कार्यों की समीक्षा की। कंसल्टिंग एजेंसी डेलॉयट इंडिया ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विगत 07 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021–22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2023–24 में 25.48 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। इस वर्ष हमारा जीएसडीपी लक्ष्य 32 लाख करोड़ का है। सभी के सहयोग से यह लक्ष्य भी पूरा होगा। इन 07 वर्षों में जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हुई है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

## सम्पादकीय

# पूर्ण राज्य की मुहिम

जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस की सरकार बनने के साथ ही अब भविष्य में राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मुहिम तेज हो गई है। कुमार अब्दुल्ला सरकार विधानसभा में प्रस्ताव पेश कर दिया है जो की चुनाव से पूर्व पार्टी का एजेंडा भी रहा है।अगर प्रस्ताव का मसौदा तैयार हो जाता है तो संभावना है कि उमर अब्दुल्ला खुद नई दिल्ली जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रस्ताव सौंपेंगे, जिसमें उनसे जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया जाएगा। मोदी सरकार ने ही कश्मीर को बताकर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया था लेकिन जम्मू कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के अलावा अन्य दलों ने अपने एजेंडा में पूर्व की भांति पूर्ण राज्य का दर्जा बाहर करने की बात कही थी। चुनावी गठबंधन के दौरान नेशनल कॉन्फ्रेंस की चुनाव पूर्व सहयोगी कांग्रेस ने जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल होने तक सरकार का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था। भारतीय जनता पार्टी ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाकर एक बड़ा ऐतिहासिक फैसला लिया था दिया जाए यह निश्चित था कि भाजपा के एजेंट में कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बाहर करने का मुद्दा शामिल नहीं किया जा सकता था। नेशनल कांफ्रेंस एवं अन्य क्षेत्रीय दलों ने इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाने का निश्चय किया जिसमें नेशनल कांफ्रेंस को शानदार सफलता भी प्राप्त हुई।

राज्य का दर्जा बहाल करना नेशनल कांफ्रेंस की प्राथमिकताओं में शामिल रहा है और हम प्रस्ताव पेश करने के बाद में इसे लागू करने के लिए केंद्र सरकार का दरवाजा खटखटाना के लिए भी तैयार हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला कश्मीर की जनता को यह बताना चाहते हैं कि जो वादा उन्होंने कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बाहर करने के लिए जनता से किया था उसकी दिशा में हुए चल पड़े हैं, फिर चाहे इसे लेकर वे सुप्रीम कोर्ट में भी जाने को तैयार है तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस प्रस्ताव के लिए मनाने का प्रयास करेंगे। फिल्म नेशनल कांफ्रेंस के मुख्य एजेंडा में पूर्ण राज्य का मुद्दही सवीपरि है लेकिन राज्य सरकार अनुच्छेद 370 को लेकर भी आने वाले समय में बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर सकती है। कश्मीर को पहले पूर्ण राज्य का दर्जा ही प्राप्त था लेकिन 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद इसे 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया। वर्तमान व्यवस्था में लद्दाख में विधानसभा नहीं है जबकि जम्मू–कश्मीर की अपनी विधानसभा है। उमर अब्दुल्ला चाहते हैं कि जम्मू कश्मीर में उट की व्यवस्था समाप्त कर पूर्ण राज्य का दर्जा उनके हाथों में आए जिससे कि नई सरकार के लिए राज्य में बदलाव की दिशा नजर आए और अपने फैसलों में केंद्र पर निर्भर ना रहे। राजनीतिक संबंधों की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बीच संबंध अच्छे माने जाते हैं और कहीं ना कहीं उमर अब्दुल्ला अपने अच्छे संबंधों को व्यावहारिक तौर पर भुनाने का प्रयास भी करेंगे।

# खाद्यान्नों की महंगाई नहीं रुक रही!

**अजीत द्विवेदी**

एक बार फिर सरकार की ओर से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई पर आधारित महंगाई दर के आंकड़े जारी हुए हैं और एक बार फिर कहा गया है कि खाने पीने की चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से खुदरा महंगाई दर बढ़ी है। जब भी महंगाई दर बढ़ती है तो लगभग हर बार यही कारण होता है कि खाने पीने की चीजों की कीमतें बढ़ी हैं। इस बार जो आंकड़ा आया है यानी सितंबर, 2024 का उसमें कहा गया है कि खाने पीने की महंगाई दर 5.66 फीसदी से बढ़ कर 9.24 फीसदी हो गई। इसी वजह से सितंबर महीने की खुदरा महंगाई दर अगस्त के 3.65 फीसदी से बढ़ कर 5.49 फीसदी हो गई।

जाहिर है अगस्त में भी खुदरा मंहगाई दर बढने में खाद्यान्नों की महंगाई का ही हाथ था क्योंकि महंगाई दर के आकलन में खाने पीने की चीजों का हिस्सा 50 फीसदी होता है। बहरहाल, सितंबर में तो खाने पीने की चीजों की कीमतों ने रिकॉर्ड ही तोड़ दिया। खाने पीने की चीजों की महंगाई 9.24 फीसदी यानी दहाई के करीब पहुंच गई। इसमें सबसे ज्यादा महंगाई सब्जियों की कीमत में दिखी, जो अगस्त के 11 फीसदी से बढ़ कर सितंबर में 36 फीसदी पहुंच गई। सोचें, सितंबर के महीने में सब्जियों की कीमत 36 फीसदी बढ़ी है! सितंबर में महंगाई दर मासिक आधार पर करीब दो फीसदी और सालाना आधार पर करीब एक फीसदी ज्यादा रही है।

इस आंकड़े से सबसे पहला सवाल जो दिमाग में आता है वह ये है कि क्या खाने पीने की चीजों का उत्पादन कम हो रहा है या उनकी आपूर्ति शृंखला में कुछ गड़बड़ी है, जिसकी वजह से इन वस्तुओं की कीमत बढ़ रही है? ध्यान रहे अर्थशास्त्र का सामान्य नियम है कि मांग और आपूर्ति में अंतर से कीमतें घटती या बढ़ती हैं। मांग कम है और आपूर्ति ज्यादा तो कीमत कम होगी और अगर आपूर्ति कम है तो कीमत बढ़ेगी। लेकिन खाने पीने की चीजों के मामले में इसका उलटा हो रहा है। देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। खाने पीने की हर चीज का उत्पादन बढ़ रहा है। इसके बावजूद कीमतें कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही हैं। इसका मतलब है कि आपूर्ति शृंखला में कहीं न कहीं गड़बड़ी है या जमाखोरी के जरिए कृत्रिम तरीके से कीमतें बढ़ाई जा रही हैं।

अगर ऐसा है तो यह बहुत बड़ा संकट है और इससे देश की खाद्यान्न सुरक्षा खतरे में पड़ेगी। सरकार को जग जाना चाहिए और इसे तत्काल रोकने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि कृत्रिम तरीके से कीमतें बढ़ती हैं तो किसान और आम उपभोक्ता दोनों घाटे में रहते हैं और बिचौलिए या जमाखोरों को फायदा होता है। अगर कीमतें काबू में नहीं आती हैं तो केंद्रीय बैंक के लिए ब्याज दरों में कटौती संभव नहीं हो पाती है और ऊंची ब्याज दर का असर विकास दर पर होता है। इसका मतलब है कि कृत्रिम महंगाई किसान, उपभोक्ता और देश की अर्थव्यवस्था तीनों के लिए ठीक नहीं है।

कृत्रिम महंगाई को लेकर सबसे पहले सब्जियों की ही बात करें तो यह सही है कि इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश हुई

**अगर ऐसा है तो यह बहुत बड़ा संकट है और इससे देश की खाद्यान्न सुरक्षा खतरे में पड़ेगी। सरकार को जग जाना चाहिए और इसे तत्काल रोकने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि कृत्रिम तरीके से कीमतें बढ़ती हैं तो किसान और आम उपभोक्ता दोनों घाटे में रहते हैं और बिचौलिए या जमाखोरों को फायदा होता है। अगर कीमतें काबू में नहीं आती हैं तो केंद्रीय बैंक के लिए ब्याज दरों में कटौती संभव नहीं हो पाती है और उंची ब्याज दर का असर विकास दर पर होता है। इसका मतलब है कि कृत्रिम महंगाई किसान, उपभोक्ता और देश की अर्थव्यवस्था तीनों के लिए ठीक नहीं है। कृत्रिम महंगाई को लेकर सबसे पहले सब्जियों की ही बात करें तो यह सही है कि इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है लेकिन कहीं भी बारिश से फसल बरबाद होने की खबर नहीं आई है। फिर भी सितंबर में सब्जियों की महंगाई 36 फीसदी बढ़ी है। इस आंकड़े की बारीकी में जाएं तो पता चलेगा कि सबसे ज्यादा महंगाई प्याज और टमाटर की बढ़ी है। प्याज और टमाटर दोनों की कीमत 78 फीसदी की दर से बढ़ी है। यानी सब्जियों की महंगाई जिस दर से बढ़ी है उससे दोगुनी दर से प्याज और टमाटर की कीमत बढ़ी है। सब्जियों की थोक महंगाई भी लगभग 50 फीसदी की दर से बढ़ी है।**

है लेकिन कहीं भी बारिश से फसल बरबाद होने की खबर नहीं आई है। फिर भी सितंबर में सब्जियों की महंगाई 36 फीसदी बढ़ी है। इस आंकड़े की बारीकी में जाएं तो पता चलेगा कि सबसे ज्यादा महंगाई प्याज और टमाटर की बढ़ी है। प्याज और टमाटर दोनों की कीमत 78 फीसदी की दर से बढ़ी है। यानी सब्जियों की महंगाई जिस दर से बढ़ी है उससे दोगुनी दर से प्याज और टमाटर की कीमत बढ़ी है। सब्जियों की थोक महंगाई भी लगभग 50 फीसदी की दर से बढ़ी है। जब फसल बरबाद नहीं हुई और उत्पादन कम नहीं हुआ तो आखिर इनकी कीमतों में इतनी बढ़ोतरी कैसे हुई? ध्यान रहे सरकार का अपना आंकड़ा है कि पिछले एक दशक से आलू, प्याज और टमाटर इन तीनों सब्जियों का उत्पादन भारत में रिकॉर्ड दर से बढ़ रहा है। प्याज के उत्पादन में तो चीन को पीछे छोड़ कर भारत पहले नंबर पर आ गया है और आलू व टमाटर के उत्पादन में दूसरे नंबर पर है। फिर भी इनकी कीमत कम नहीं हो रही है। ऐसा भी नहीं है कि भारत के लोग पहले से ज्यादा आलू, प्याज और टमाटर खाने लगे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में लोगों के मासिक खर्च में सब्जियों का हिस्सा पिछले एक दशक से तीन से चार फीसदी पर ही स्थिर है। जहां तक निर्यात की बात है तो भारत में आलू और टमाटर का जितना उत्पादन होता है उसका महज दो फीसदी निर्यात होता है। प्याज का निर्यात जरूर थोड़ा ज्यादा होता है। लेकिन वह भी 10 फीसदी से कम ही है। इसका मतलब है कि उत्पादन बढ़ रहा है, घरेल खपत नहीं बढ़ रही है, निर्यात भी स्थिर है फिर भी कीमतें बढ़ रही हैं!

ऐसा नहीं है कि यह स्थिति सिर्फ सब्जियों के मामले में है। दूसरे खाद्यान्नों में भी यही स्थिति है। गेहूं और धान की भी रिकॉर्ड पैदावार हो रही है लेकिन इनकी कीमतें भी कम नहीं हो रही हैं। इस साल 11.30 करोड़ टन गेहूं का उत्पादन हुआ, जो पिछले साल के 11 करोड़ टन से ज्यादा है। यह अलग बात है कि इस साल सरकारी खरीद कम रही। किसानों ने सरकार को गेहूं नहीं दिया तभी सरकार सिर्फ 266 लाख टन ही गेहूं खरीद सकी, जबकि लक्ष्य 320 लाख टन खरीद का था। सरकार के गोदाम में गेहूं कम आए इसका मतलब है कि बाजार में निजी कारोबारियों ने ज्यादा गेहूं खरीदा और उसका भंडारण किया और कृत्रिम तरीके से महंगाई बढ़ाई। सितंबर तक गेहूं की कीमतों में प्रति क्विंटल एक सौ रुपए तक की बढ़ोतरी हो चुकी है और आटे की कीमत भी तीन से चार रुपए किलो तक बढ़ी है। इसका असर अगस्त में सभी ब्रांड के ब्रेड्स पर पड़ा और उनकी कीमतें बढ़ गईं।

अब इसी से जुड़ा यह अहम सवाल यह है कि खाने पीने और सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी होती है तो क्या इसका फायदा किसान को होता है? इसका जवाब पिछले ही दिनों भारतीय रिजर्व बैंक ने दिया है। रिजर्व बैंक ने बताया है कि आलू, प्याज और टमाटर पर हम लोग यानी एक सामान्य उपभोक्ता जितना खर्च करता है उसका एक तिहाई हिस्सा यानी 33 फीसदी ही किसानों को मिलता है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक लगभग इतना ही पैसा आढ़तिए यानी थोक व्यापारी ले जाते हैं। इसके बाद रेहड़ी, पटरी वाले या सब्जियों के खुदरा व्यापारियों को एक तिहाई हिस्सा मिलता है।

सोचें, सुदामा पांडेय 'धूमल' की कविता पर! एक आदमी रोटी बेलता है, एक आदमी रोटी खाता है, एक तीसरा आदमी भी है, जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है, वह सिर्फ रोटी से खेलता है, मैं पूछता हूं– यह तीसरा आदमी कौन है, मेरे देश की संसद मौन है। वह तीसरा थोक और खुदरा व्यापारी है, जिसकी जेब में सारे पैसे जा रहे हैं। किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत नहीं मिल रही है और उपभोक्ता के ऊपर खाने पीने की चीजों की महंगाई का बोझ भी बढ़ रहा है। इसे दुरुस्त करने के लिए तत्काल भंडारण की पुख्ता व्यवस्था करनी होगी, बिचौलियों पर लगाम लगानी होगी और आपूर्ति शृंखला में सुधार करना होगा।

# पार्टियां मुफ्त की रेवड़ी के नाम पर वोट लेती रहेंगी

**अजीत द्विवेदी**

देश में चुनाव का सीजन चल रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद दो राज्यों के चुनाव हुए हैं और दो अन्य राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। अगर पूछा जाए कि इस साल के हर चुनाव का केंद्रीय मुद्दा क्या था तो जवाब होगा, मुफ्त की रेवड़ी। चुनाव में और भी बहुत सी चीजें होती हैं लेकिन मुख्य रूप से मुफ्त की रेवड़ी पर ही सभी पार्टियों ने चुनाव लड़ा। तभी जब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने गर्व से कहा कि उन्होंने दिल्ली के लोगों को 'छह मुफ्त की रेवड़ी' दी है और सातवीं रेवड़ी देने वाले हैं तो आश्चर्य नहीं हुआ। आखिर मुफ्त की रेवड़ी के आधुनिक संस्करण के जनक केजरीवाल ही हैं। इसलिए अगर वे इस पर गर्व कर रहे हैं और प्रधानमंत्री की ओर से बोले गए इस जुमले को तमगा बना कर सीने पर टांक रहे हैं तो उस पर क्या हैरान होना?

केजरीवाल ने अपने को और अधिक एक्सपोज करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी प्रचार करने को तैयार हैं अगर वे एनडीए के शासन वाले 22 राज्यों में बिजली फ्री कर दें। सोचें, कैसी वैचारिक, नैतिक और राजनीतिक गिरावट है? जिस भाजपा और नरेंद्र मोदी को केजरीवाल, उनकी पार्टी और उनका पूरा गठबंधन संविधान के लिए, देश के लिए और समाज के लिए खराब मानता है उनके लिए भी सिर्फ बिजली फ्री होने पर प्रचार किया जा सकता है! क्या यही केजरीवाल की वैचारिक प्रतिबद्धता है कि बिजली फ्री हो जाए तो मोदी के लिए भी प्रचार करेंगे? क्या इसी आधार पर मोदी के खिलाफ लड़ेंगे?

सवाल है कि अगर मोदी की पार्टी ने दिल्ली में बिजली फ्री कर दी तो क्या करेंगे केजरीवाल? अगर मोदी ने बिजली के साथ साथ वो तमाम चीजें मुफ्त में देने की घोषणा कर दी, जो केजरीवाल की सरकार दे रही है तो क्या केजरीवाल दिल्ली की सत्ता छोड़ देंगे और मोदी के लिए प्रचार करेंगे? ऐसा तो कतई नहीं होगा क्योंकि मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने के अगले दिन से ही उनकी बेचैनी बढ़ी है और वे नवंबर में ही चुनाव कराने की चुनौती भाजपा को दे रहे हैं। फरवरी तक इंतजार करने का धीरज भी उनमें नहीं दिख रहा है!

इसलिए केजरीवाल की बातों पर हैरानी नहीं होती है। वे इस तरह की विरोधाभासी और बेतुकी बातें करते रहते हैं। हैरानी इस बात पर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुफ्त की रेवड़ी का जुमला गढ़ा और इसका मजाक उड़ाया फिर भी उनकी पार्टी इसी की राजनीति कर रही है!

**केजरीवाल ने अपने को और अधिक एक्सपोज करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी प्रचार करने को तैयार हैं अगर वे एनडीए के शासन वाले 22 राज्यों में बिजली फी कर दें। सोचें, कैसी वैचारिक, नैतिक और राजनीतिक गिरावट है? जिस भाजपा और नरेंद्र मोदी को केजरीवाल, उनकी पार्टी और उनका पूरा गठबंधन संविधान के लिए, देश के लिए और समाज के लिए खराब मानता है उनके लिए भी सिर्फ बिजली फी होने पर प्रचार किया जा सकता है! क्या यही केजरीवाल की वैचारिक प्रतिबद्धता है कि बिजली फी हो जाए तो मोदी के लिए भी प्रचार करेंगे? क्या इसी आधार पर मोदी के खिलाफ लड़ेंगे?**

उन्होंने कहा था कि मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति से देश की अर्थव्यवस्था बरबाद हो जाएगी। लेकिन उनकी पार्टी अब इस राजनीति की चैंपियन बन गई है। भाजपा दूसरी सभी पार्टियों को इस राजनीति में पीछे छोड़ रही है। अभी झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने महिलाओं को नकद पैसे देने के लिए मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना शुरू की, जिसमें महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं तो भाजपा ने गोगो दीदी योजना का ऐलान किया, जिसमें सरकार बनने पर हर महिला को हर महीने 21 सौ रुपए दिए जाएंगे।

यानी जितना हेमंत सरकार देगी उसका दोगुना। इसके अलावा भी भाजपा ने बहुत कुछ मुफ्त में देने का ऐलान किया है। उसने महाराष्ट्र में लडकी बहिन योजना शुरू की है, जिसमें हर महीने महिलाओं को डेढ़ हजार रुपए दिए जा रहे हैं। इस योजना के मद पर हर साल 46 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। तभी पिछले दिनों केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इस योजना पर सब्सिडी इतनी ज्यादा है कि बाकी योजनाओं की सब्सिडी का पैसा समय पर दिया जा सकेगा या नहीं यह तय नहीं है।

इसका मतलब है कि मुफ्त की रेवड़ी वाली योजनाओं से सभी सरकारों का बजट प्रभावित हो रहा है इसके बावजूद सभी पार्टियों में होड़ मची है। पार्टियों के नेता गर्व से कह रहे हैं कि उन्होंने छह मुफ्त की रेवड़ी दी है और सातवीं देंगे। हैरानी नहीं होगी, अगर आम आदमी पार्टी के मुकाबले में भाजपा की ओर से आठ वस्तुएं या सेवाएं मुफ्त में देने का वादा किया जाए। यह होड़ ऐसी है कि झारखंड में भाजपा ने महिलाओं को 21 सौ रुपए हर महीने देने का ऐलान किया तो सत्तारूढ़ जेएमएम ने कहा है कि अगली सरकार बनी तो वह एक हजार रुपए की राशि को बढ़ा कर ढाई हजार कर देगी।

सोचें, पार्टियां राजस्व का स्रोत नहीं बता रही हैं। राजस्व बढ़ाने के उपायों की चर्चा नहीं हो रही है। बुनियादी ढांचे के विकास पर बात नहीं हो रही है। देश और राज्य के संरचनात्मक विकास की चर्चा नहीं हो रही है। लोगों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाने की बातें नेपथ्य में चली गई हैं। अब सिर्फ मुफ्त की रेवड़ी की बात हो रही है। चुनाव जीतने के लिए ऐसे ऐसे वादे किए जा रहे हैं, जिन्हें पूरा करने में राज्यों का वित्तीय ढांचा चरमरा रहा है। सरकारों के पास वेतन और पेंशन देने के पैसे पूरे नहीं हो रहे हैं। सरकारें तय सीमा से कहीं ज्यादा कर्ज ले चुकी हैं और उनके राजस्व का बड़ा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में जा रहा है। लेकिन पार्टियों को इसकी परवाह नहीं है। उनको किसी तरह से सत्ता में आना है, उसके बाद चाहे जो हो। चुनाव जीतना राजनीति का परम लक्ष्य हो गया है। पार्टियां और उसके नेता सोच नहीं रहे हैं कि उनकी यह राजनीति एक दिन देश की पूरी अर्थव्यवस्था को मलबे के ढेर में बदल देगी।

पार्टियों का सत्ता का अंध मोह तो समझ में आता है। उनके लिए सत्ता सवीपरि है और वे इसके लिए ही राजनीति करती हैं। लेकिन ज्यादा हैरानी आम नागरिकों की सोच को लेकर हो रही है। बुनियादी ढांचे का विकास नहीं होने, शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था बेहतर नहीं होने, रोजगार की जरुरत पूरी नहीं होने और भयंकर महंगाई व गरीबी के बावजूद वे मुफ्त की रेवड़ी के जाल में फंसे हैं। उनको समझ में नहीं आ रहा है कि सरकारें उनका खून चूस रही हैं। जिस तरह से स्वच्छैक रक्तदान करने पर स्वंयसेवी संस्थाएं और अस्पताल वाले रक्तदान करने वाले को जूस का एक ट्रेटा पैक देते हैं।

उसी तरह सरकारें अलग अलग किस्म के टैक्स के जरिए जनता की जेब खाली कर रही हैं यानी उनका खून निकाल रही हैं और बदले में जूस का एक टेट्रा पैक यानी मुफ्त की रेवड़ी दे रही हैं। रक्तदान के बाद तो फिर शरीर में खून बन जाता है लेकिन ऐसे ही लोगों की कमाई नहीं बढ़ रही है। जब तक लोग अपने व्यापक और दूरगामी हितों को देख कर मतदान नहीं करेंगे तब तक पार्टियां मुफ्त की रेवड़ी के नाम पर उनका वोट लेती रहेंगी और उनका शोषण करती रहेंगी।

# कार्तिक आर्यन ने अपने धमाकेदार डांस मूव्स से मचाई धूम



भुल भुलैया 3 के मच अवेटेड टाइटल ट्रैक का इंतज़ार खत्म हो गया है! टी–सीरीज़ और भूषण कुमार ने भारत के सिनेमा में सबसे आईकॉनिक म्यूजिकल सहयोग को बनाकर इतिहास रच दिया है। मेकर्स ने अभी–अभी मच अवेटेड भूल भुलैया 3 का टाइटल ट्रैक रिलीज किया है, जिसमें इंडिया के पॉपुलर स्टार कार्तिक आर्यन हैं। ये कहना गलत नहीं होगा कि यह ट्रैक चार्ट के साथ साथ दिलों पर भी राज करने वाला है। ये ट्रैक एक विजुअल ट्रीट है, जिसमें कार्तिक आर्यन अपने स्लीक, स्मूथ और कैची स्पूकी स्लाइड डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा रहे हैं।इस ट्रैक को खास बनता है इंटरनेशनल स्टार पिटबुल का परफेक्ट रैप जो हरे राम–हरे कृष्णा मंत्र के साथ ब्लेंड कर रहे है। साथ ही, पंजाबी सेंसेशन दिलजीत दोसांझ अपना अनोखा स्टाइल लाते हैं, और नीरज श्रीधर हिंदी वोवल्स को संभालते हैं। यह सभी मिल कर, भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की असली एसेंस को बनाए रखते हैं, साथ ही मॉडर्न और इंटरनेशनल ट्विस्ट भी देते हैं। म्यूजिक माइस्ट्रॉस प्रीतम और तनिष्क बागची की लीडरशिप में, और नीरज श्रीधर की पहचानी जानी वाली आवाज से उनका सिग्नेचर टच मिलता है। ये ट्रैक ग्लोबल बीट्स और देसी फ्लेयर का एक परफेक्ट मिक्स है, जो संस्कृतियों को अच्छे से ब्लेंड करता है। भूषण कुमार ने भारतीय सिनेमा के लिए एक अनोखा सहयोग किया है। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए वे कहते हैं, हम भूल भुलैया 3 के लिए इस स्पेशल म्यूजिकल सहयोग को पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। पिटबुल, दिलजीत दोसांझ और नीरज श्रीधर को एक साथ लाना कुछ ऐसा है जो भारतीय सिनेमा में पहले कभी नहीं किया गया है।

## साक्षी और जीवा के साथ फ्लाइट में दिखे माही, एक जेस्चर से धोनी जीत ले गए दिल

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी को एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। उन्हें पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ एक फ्लाइट में चढ़ते हुए देखा जा सकता है। धोनी प्लेन में बने केबिन के बीच से गुजरते हुए आगे बढ़ते हैं और सह यात्रियों से बात करते हैं। वायरल वीडियो में धोनी ने एक कैजुअल, ब्राउन टी–शर्ट पहनी हुई है और काली रंग की पैंट में उनका लुक बेहद शानदार दिख रहा है। उन्होंने एक बैकपैक लिया हुआ था और एक हाथ में पानी की बोतल थी। इस पल को उनके एक साथी यात्री ने कैमरे में कैद कर लिया, जिसने बाद में सोशल मीडिया पर इस फुटेज को 'परमानेंट माही मोमेंट' कैप्शन के साथ शेयर किया गया।

# भारतीय टीम में डेब्यू के लिए जोर–जोर से दस्तक दे रहा ओपनर वांशिगटन

नई दिल्लीः साई सुदर्शन के दोहरे शतक (202) और वॉशिंगटन सुंदर के 96 रनों की अविजित पारी के दम पर तमिलनाडु टीम रणजी ट्रॉफी के इलाइट डी ग्रुप के मुकाबले में दिल्ली के विरुद्ध मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली के कप्तान हिम्मत सिंह का टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला गलत साबित हुआ।

सुंदर ने लगाई क्लास

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट खोकर तमिलनाडु टीम ने 379 रन बना लिए है। आरंभिक



बल्लेबाज साई सुदर्शन और एन जगदीशन के बीच 168 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, जगदीशन 65 रन बनाकर नवदीप सैनी की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सुंदर ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर क्लास ली। दूसरे विकेट के लिए सुदर्शन और सुंदर के बीच 211 रनों की साझेदारी हुई।

# कुछ–कुछ होता है के 26 साल पूरे, करण जौहर ने दिखाई अनदेखी झलक

मुंबई। शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी स्टारर कुछ कुछ होता है ने 16 अक्टूबर, 2024 को अपनी रिलीज के 26 साल पूरे कर लिए हैं। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए करण जौहर ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया है।करण जौहर ने सेट से कुछ खास अनदेखे पलों वाल एक वीडियो मोंटाज शेयर किया। क्लिप के साथ फिल्म निर्माता ने लिखा कूल नेक चेन, नियॉन शर्ट, पिंक हेड बैंड, केवल डांस के साथ समर कैंप, टूटे तारों की कामना, बास्केटबॉल में धोखा, दोस्ती जो प्यार में बदल जाती है और ऐसे किरदार जो समय और उससे आगे भी जीते हैं! !इसके साथ ही करण ने 1998 की इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म के 26 साल पूरे होने पर एक भावुक नोट भी शेयर किया है। करण ने कहा एक निर्देशक के रूप में मेरी पहली फिल्म, जो सेट पर सबसे बेहतरीन कास्ट और क्रू के साथ, आपके पहले दिन के उस एहसास को जीवित रखता है...26 साल बाद भी! करण जौहर की पोस्ट पर फैंस के साथ ही मशहूर हस्तियां भी जमकर प्यार दे रही हैं।

कुछ कुछ होता है में शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी लीड रोल में थे। वहीं, सलमान खान गेस्ट रोल में नजर आए थे। कुछ–कुछ होता है फिल्म ने कई पुरस्कार जीते, जिसमें सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी शामिल था।इसके साथ ही फिल्म ने आठ फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते, जिसमें करण जौहर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, शाहरुख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और काजोल को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार भी मिला। वहीं रानी मुखर्जी इस फिल्म में टीना के किरदार के जरिए दर्शकों के दिलों पर छाप छोडने में कामयाब रही थीं, जिसने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता था।

## हॉलीवुड जाने की तैयारी में विजय वर्मा, छोटे किरदारों से शुरू किया करियर और बन गए स्टार

बॉलीवुड फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाले एक्टर विजय वर्मा अब लीड हीरोज में गिने जाते हैं। विजय वर्मा ने बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों और सीरीज में काम किया है। विजय वर्मा हाल ही में डायरेक्टर अनुभव सिन्हा की नेटफ्लिक्स सीरीज द्घ्ट–814 कंधार हाईजैक में अहम किरदार में नजर आए थे। अब विजय वर्मा बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड का भी सपना देख रहे हैं।

विजय वर्मा ने हाल ही में अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलासा किया है। विजय वर्मा ने वैराइटी मैग्जीन से बात करते हुए बताया, हॉलीवुड में जाने का ये सबसे बढ़िया समय है। अब सिनेमा में कलरब्लाइंड कास्टिंग होने लगी है। इसके कारण मौके काफी बढ़ गए हैं। इंटरनेशन मेकर्स भी बॉलीवुड के कलाकारों को मौका दे रहे हैं। मेरी कुछ मेकर्स से बात चल रही है। अगले साल की शुरुआत में मैं उम्मीद कर रहा हूं कि कुछ काम का मौका बन सकता है।

# कोच श्रीजेश की देखरेख में भारतीय जूनियर टीम सुल्तान जोहोर कप में जापान के खिलाफ करेगी आगाज

दिल्ली। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम शनिवार को यहां 12वें सुल्तान जोहोर कप के शुरुआती मैच में जापान से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य पूर्व दिग्गज गोलकीपर और अपने सम्मानित कोच पीआर श्रीजेश से प्रेरणा लेना होगा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता श्रीजेश के लिए कोच के तौर पर यह पहला कार्यकाल होगा। उन्होंने इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद खिलाड़ी के तौर पर खेल को अलविदा कहा था। भारत ने मई 2023 में जूनियर एशिया कप में अपने आखिरी मुकाबले में जापान पर 3–1 से जीत हासिल की और 2022 के सुल्तान जोहोर कप में भी इस टीम को 5–1 से हराया था। कप्तान आमिर अली ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'टीम नए मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में अच्छी ट्रेनिंग कर रही है और हम उनके साथ अपना पहला टूर्नामेंट खेलने



के लिए उत्साहित हैं।' उन्होंने कहा, 'पिछली बार जर्मनी से हारने के बाद, हम अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके थे। इस बार हमारी तैयारी अच्छी है और हम प्रतियोगिता में किसी भी टीम से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।' जापान के बाद भारतीय टीम 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन, 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया और फिर 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। भारतीय टीम ग्रुप चरण में 25 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मुकाबला खेलेगी। लीग चरण में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें 26 अक्टूबर को फाइनल में भिड़ेंगी। भारतीय उपकप्तान रोहित ने कहा, 'हम सुल्तान जोहोर कप से पहले सर्वश्रेष्ठ स्थिति में पहुंचने के लिए पिछले कुछ दिनों से कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'इस बार टीम में कई नए खिलाड़ी हैं जो मैदान पर अपनी क्षमता दिखाने के लिए उत्साहित हैं। सभी खिलाड़ी अपने खेल में सुधार के साथ एक–दूसरे को प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारी नजरें इस प्रतियोगिता के साथ नवंबर में मस्कट में खेले जाने वाले जूनियर पुरुष एशिया कप पर भी हैं।'

## एक नजर

### 22 अक्टूबर को करेंगे पुतला दहन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** ठगी गई रकम नहीं मिलने से आक्रोशित ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने 22 अक्टूबर को सरकार का पुतला दहन करने की चेतावनी दी है। शुक्रवार को संपन्न हुई ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ठगी गई रकम को वापस पाने के लिए सदस्य पिछले कई दशकों से संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन, अब तक उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया है। जबकि, पूर्व में रकम वापस दिलवाने के लिए सरकार ने कानून भी बनाया था। कहा कि अब पीड़त परिवार सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। इस मौके पर लक्ष्मी बिष्ट, विजय लक्ष्मी भारती, कल्पना रावत, राजेंद्र सिंह, मुकेश चंद्र बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।

### समाज सेवा के लिए किसी पद की आवश्यकता नहीं

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में समाज सेवी मंगला देवी के जन्म उत्सव पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज शास्त्र, समाज कार्य और मनोविज्ञान विभाग के शिक्षकों एवं शोध छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. किरन डंगवाल, मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मंजू पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. किरन डंगवाल ने कहा कि जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व है। ऐसा ही एक संस्कार है समाजसेवा का भाव। निःस्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद और समाजसेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है। प्रो. मंजू पाण्डेय ने कहा कि अपने जन हित को कार्यों से आज मंगला देवी किसी पहचान की मोहताज नहीं है। हर तरफ लोग उनके समाज कार्यों से लोग उन्हें पहचान रहे हैं। प्रो. जेपी भट्ट ने कहा कि समाजसेवा के लिए किसी पद की आवश्यकता नहीं रहती। जब किसी को भी समाज सेवा का अवसर मिलता हे उसे कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वेद ग्रंथों का सही मायने में अर्थ परोपकार एवं पुण्य के कार्यों में है। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्र अंकित उछोली ने किया। इस अवसर पर कार्तिकेय बहुगुणा, डा. नीतिन बिष्ट, डा. ऋतु मिश्रा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### अधर में लटका मोटर मार्ग का निर्माण कार्य

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत कक्ड़पाली से बांगापानी से होते हुए लूसी तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। मोटर मार्ग की राह देख रहे ग्रामीणों को 4 किलोमिटर की पैदल दूरी नापनी पड़ रहीं है। ग्राम प्रधान पैंडुला सुनय कुकसाल, मुनेंद्र भंडारी, विनोद प्रसाद, अजमेर भंडारी, सुशील देवी ने कहा कि मोटरमार्ग 2020 में प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिली थी। सर्वे में मोटरमार्ग पर वन क्षेत्र के अंतर्गत आने के कारण मोटर मार्ग वन विभाग के पाले में आ गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग की ओर से पत्रावली पूरी न किए जाने पर आधर पर लटका हुआ है। कहा कि विगत चार वर्षों से मोटर मार्ग को लेकर लगातार विभागीय अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है, बावजूद भी अधिकारी ग्रामीणों को आश्वासन पे आश्वासन दे रहें हैं। कहा कि मोटर मार्ग न होने से लूसी गांव के ग्रामीणों को चार किलोमीटर खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। चढ़ाई चढ़ने में बुजुर्ग लोग असमर्थ हैं। मोटरमार्ग पर कार्य शुरू न होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उधर लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर के अधीशासी अभियंता मो. आरिफ खान ने बताया कि कक्डपाली से बांगापानी से होते हुए लूसी तक मोटरमार्ग स्वीकृत है। मोटर मार्ग के फर्स्ट फेस के लिए पैसे भी स्वीकृत है, लेकिन फोरेस्ट क्लीयरेंस न मिलने के कारण मोटर मार्ग का निर्माण कार्य रूका हुआ है। (एजेंसी)

### विज्ञान नाटक में राइंका कीर्तिनगर और डांग कड़ाकोट ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय इंटर कॉलेज कीर्तिनगर में आयोजित दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय विज्ञान महोत्सव शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। महोत्सव में दो वर्गों कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग की विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान नाटक एवं सामान्य विज्ञान क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विकासखंड के 33 माध्यमिक विद्यालयों व 23 जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयोजित विज्ञान नाटक में राइंका कीर्तिनगर प्रथम, राइंका धारी ढुंडसिर द्वितीय एवं राइंका डांगचौरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज में राइंका कीर्तिनगर प्रथम, राइंका जखण्ड द्वितीय एवं राइंका डांगचौरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# करवाचौथ की तैयारी शुरू, बाजार में उमड़ने लगी भीड़



कोटद्वार बाजार में करवा चौथ की खरीददारी करती महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : करवाचौथ को लेकर कोटद्वार का बाजार सजने लगा है। महिलाओं ने बाजार में पहुंचकर खरीदारी करना शुरू कर दिया है। करवा, कलश, थाली सहित अन्य सामान खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। हाथों में मेहंदी लगवाने के लिए भी महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

20 अक्टूबर को करवाचौथ का त्योहार मनाया जाना है। इससे पूर्व, बाजार भी करवाचौथ की तैयारियों को लेकर सज चुका हैं। शुक्रवार को सुबह से ही बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ी हुई थी। देर शाम तक महिलाओं ने खूब खरीदारी की। मालनी मार्केट में सबसे अधिक भीड़ उमड़ी हुई थी। महिलाओं ने करवाचौथ के लिए करवा, कलश, थाली, मां करवा की फोटो, माता की चुनरी की खरीदारी की। साड़ी, सूट, सोने-चांदी और आर्टिफिशियल गहने, सैंडल और पर्स की दुकानों में भी महिलाओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। महिलाओं में त्योहार को लेकर सोने-चांदी के आभूषण और चूड़ियों का क्रेज दिखाई दिया। आर्टिफिशियल ज्वेलरी की भी जमकर खरीद हो रही है। खरीदारी करने पहुंचीं स्वेता, ममता आदि ने बताया कि करवाचौथ पर चूड़ियों का सबसे अधिक महत्व है। बाजार में तरह-तरह के चूड़ियों के सेट उपलब्ध है।

### पार्लर होने लगे बुक

करवाचौथ को लेकर ब्यूटी पार्लर भी फुल थे। महिलाओं को अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। पार्लर संचालिका ने बताया कि करवाचौथ में सजने के लिए महिलाओं ने एक सप्ताह पूर्व से ही समय तय करवा दिया था। वहीं मेहंदी रचवाने के लिए भी बाजार में काफी भीड़ उमड़ी हुई थी। कई व्यापारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए स्पेशल फेस्टिवल आफर दिए।

# स्वास्थ्य शिविर में 27 लोगों ने कराई जांच



स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर मरीज से जानकारी लेते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : विकासखंड थलीसैंण पट्टी चोपड़ाकोट के ग्राम पोखरी में शुक्रवार को स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण द्वारा शिविर लगाया गया। जिसमें 27 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जो विगत दिनों से बीमार चल रहे थे।

ग्राम प्रधान पोखरी मनोज पोखरियाल ने बताया कि बुखार, खांसी, उल्टी से लोग अपने घर से चलने में भी असमर्थ थे। इस वायरल के चलते कई लोग स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में भी भर्ती हुए थे। प्रधान मनोज पोखरियाल ने लिखित रिपोर्ट स्वास्थय केन्द्र प्रभारी थलीसैंण डॉ. अश्विनी चौहान को दी। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पोखरी गांव में शिविर लगाया गया। शिविर में 27 लोगों का उपचार कर दवाई वितरित की गई। स्वास्थ्य टीम की डॉ. प्रतिभा ने कहा कि दवाई बराबर लेते रहे, सब लोग जल्दी ठीक हो जायेंगे। इस अवसर पर स्टाप नर्स सवीता गुप्ता, एएनएम विनीत, आशा कार्यकर्ती रेखा, दलीप, हरीश सहित हरीश चंद्र पोखरियाल, दीपक धस्माना, रेखा देवी, सुरेशी देवी आदि मौजूद थे।

### उपनल कर्मचारियों के समान वेतन की मांग उठाई

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण और समान कार्य समान वेतन की मांग उठाई है। पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति ने राज्य सरकार से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हुए उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण और समान कार्य समान वेतन की मांग को जल्द पूरा करने की मांग की है। शुक्रवार को प्रेस को जारी बयान में समिति के संयोजक नमन चंदोला ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी उपनल कर्मचारियों के हित में फैसला सुनाने में आनाकानी कर रही है। चेतावनी दी कि उपनल कर्मचारियों की मांग को पूरा नहीं किया जाता तो उपनल कर्मचारियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा और तब पूरी जिम्मेदारी धामी सरकार की होगी।

### ग्रीन बिल्डिंग के काम में ढिलाई पर विधायक ने जताई नाराजगी

देहरादून। विधायक राजपुर रोड विधानसभा खजानदास ने शुक्रवार को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बन रही ग्रीन बिल्डिंग के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में ढिलाई को लेकर नाराजगी जताई। विधायक खजानदास औचक निरीक्षण करने के लिए ग्रीन बिल्डिंग निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे तो यहां कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। इसे लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इतने बड़े और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की निगरानी ठीक से नहीं होना गंभीर विषय है।

# सामुदायिक शौचालय गंदे होने पर अफसर की होगी जिम्मेदारी तय

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला पंचायत राज अधिकारी व समस्त खंड विकास अधिकारियों को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों के रख-रखाव तथा नियमित स्वच्छता के संबंध में निर्देश दिए।

कहा कि सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी पाये जाने पर सम्बन्धित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा खण्ड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। डीएम ने बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त के केन्द्राभिसरण, विधायक निधि व सांसद निधि से अनेकों स्थानों पर सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है, लेकिन अधिकांश स्थानों पर ऐसे शौचालय रख-रखाव के अभाव में खराब स्थिति में रहते हैं। पंचायतों के पास प्रत्येक स्तर पर 30 प्रतिशत धनराशि स्वच्छता के लिये टाईड फंड के रूप में उपलब्ध है। फिर भी इनकी नियमित सफाई नहीं हो रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इन शौचालयों का रख-रखाव संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा संबंधित बाजार समितियों तथा यूजर्स से यूजर चार्ज लेकर किया जाए। कहा कि पंचायतों में अभियान चलाकर आगामी 15 दिनों के अन्दर अनिवार्य रूप से प्रत्येक सामुदायिक शौचालय की सफाई करवाकर प्रयोग करने की स्थिति में स्थापित किया जाए। इसके अतिरिक्त बाजार समितियों के सहयोग से यूजर चार्ज अथवा टाईड फंड से नियमित रूप से इनकी स्वच्छता बनाई रखी जाए। इसके बाद इन सभी सार्वजनिक शौचालयों का ऑडिट जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से किया जायेगा। इस प्रकार किसी सार्वजनिक शौचालय में गंदगी की स्थिति पाई जाने पर सम्बन्धित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा खण्ड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

# मार्डल प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने बताई वैज्ञानिक सोच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, एससीईआरटी व समग्र शिक्षा पौड़ी के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विज्ञान महोत्सव का सिम्मलचौड़ स्थित टीसीजी पब्लिक स्कूल में आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न मार्डल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच बताई।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लैंसडौन विधायक दिलीप रावत, विशिष्ट अतिथि जी.एस.टी. कमिश्नर मितेश्वर आनन्द, विशिष्ट अतिथि महेन्द्र कुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सत्यपाल सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि अजय जोशी, सह संयोजक खण्ड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चन्द, समग्र शिक्षा की जिला समन्वयक गरिमा व्यास, रीना रावत, जिला विज्ञान समन्यक दौलत सिंह गुसाईं ने दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा छह से 12 तक अध्ययनरत छात्रों हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी तथा विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता में जनपद के समस्त विकासखंडों से आये लगभग 540 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आये अतिथियों एवं निर्णायकों द्वारा सभी बाल वैज्ञानिकों द्वारा खाद्य, स्वास्थ्य, स्वच्छता, परिवहन एवं संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबन्धन, कचरा प्रबन्धन, संसाधन प्रबन्धन, गणित-विज्ञान विषयों पर बनाये गये मॉडलों की प्रशंसा की गयी।

इस अवसर पर छात्रों द्वारा मुख्य विषय मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत वैश्विक जल संकट, एआई और समाज, आपदा प्रबन्धन की तकनीक, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जलवायु परिवर्तन आदि विषयों पर विज्ञान नाटक प्रस्तुत किए गये। मुख्य अतिथि महन्त दिलीप रावत ने अपने सम्बोधन में विज्ञान को जीवन का एक अभिन्न अंग बताया। साथ ही कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है यह हमारे आस-पास की दुनिया को समझने और उसमें सुधार लाने में हमारी मदद करता है। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों को देश के भविष्य के लिए सजग रहने और समय की आवश्यकता के अनुसार जीवन को सरल बनाने के लिए नित नयी खोज करते रहने पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सफल होने एवं महान वैज्ञानिक बनने के लिए शुभकामनाएं दी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चन्द ने बाल वैज्ञानिकों द्वारा प्रदर्शित मॉडलों की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों को छात्र-छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन एवं वैज्ञानिक सोच में वृद्धि का एक प्रेरणादायी मंच बताया।

विशिष्ट अतिथि मितेश्वर आनन्द ने विज्ञान को संविधान से जोड़ने की एक कड़ी बताया व बच्चों से एपीजी अब्दुल कलाम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारीखाल डॉ. सुरेन्द्र सिंह, स्थल संयोजक के रूप में टी.सी.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य नीना घिल्डियाल, उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कोटद्वार शशि दुबे, आर.आई. विकास सिंह, आयोजन समिति में पारितोष रावत, मुकेश रावत, महेन्द्र सिंह राणा, डॉ. जितेन्द्र नेगी, संदीप बिष्ट, पूनम पांधरी, रश्मि रावत, सीतान्शु खुगशाल, नवीन असवाल, मनमोहन चौहान, मनोज रावत, उमेश वर्मा, दीपक नेगी, अम्बेश पन्त, अजय खन्तवाल, अंकित पन्त, कपिल अग्रवाल, राजेन्द्र पाल, बाबू लाल बिन्द, विभिन्न ब्लॉक विज्ञान समन्वयक, मार्ग दर्शक शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में निधि रावत, एकता वर्मा, ज्योति ध्यानी, हेमलता बडोला, दीपिका रावत, कविन्द्र मोहन उनियाल, रश्मि उनियाल, पी.एल. बडोला, सुषमा नैनवाल, ममता रानी, प्रतिमा रावत, आरती देवरानी, अर्चना जखवाल, ऋतु उनियाल, किरन जगरवाल, बृजेश उपाध्याय, एपी डंगवाल, अजय बिष्ट आदि ने सहयोग किया।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पैतृक भू-सम्पत्ति ग्राम कर्तिया नौदानू, पट्टी पैनो-2, तहसील हाल रिखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल के राजस्व अभिलेखों में कलमी भूल से मेरा नाम सेरी पुत्र जुमनलाल अशुद्ध अंकित हो गया है। जबकि मेरा शुद्ध नाम शेर सिंह पुत्र स्व. जामनलाल है।

अतः मेरी पैतृक भू-सम्पत्ति ग्राम कर्तिया नौदानू, पट्टी पैनो-2, तहसील हाल रिखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल के राजस्व अभिलेखों में मेरा शुद्ध नाम शेर सिंह पुत्र स्व. जामनलाल लिखा, पढ़ा व जाना जाये।

**शेर सिंह उर्फ शेरी पुत्र स्व. जुमनलाल निवासी मूल ग्राम कर्तिया नौदान, पट्टी पैनो-2, तहसील हाल रिखणीखाल, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0505/21)


# श्लोक उच्चारण में राइंकॉ रिखणीखाल की महक रही अव्वल



राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल में आयोजित प्रतियोगिता के अव्वल छात्राओं को सम्मानित करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल में खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल की महक नेगी प्रथम रही। प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। 15 व 16 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत व क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहन सिंह नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य वीपी कोहली ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। खंड संयोजक शिक्षक मोहित पंत ने बताया कि नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज डाबरी, राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल, राजकीय इंटर कॉलेज खनेताखाल, समूहगान में राजकीय इंटर कॉलेज बड़खेत, राजकीय इंटर कॉलेज सिद्धखाल, राजकीय इंटर कॉलेज कर्तिया, श्लोक उच्चारण में राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल की महक नेगी, राजकीय इंटर कॉलेज सिद्धखाल की किरन, राजकीय इंटर कॉलेज बड़खेत की कुमकुम प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रही। आशुभाषण में राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल की दीपिका, डाबरी की शिवांशी, सिद्धखाल की किरन, वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज बड़खेत की भूमिका, विवेक ध्यानी, रिखणीखाल के सुशांत ध्यानी, प्रिया नेगी, डाबरी की अंजलि, शिवानी, श्लोकोच्चारण कनिष्ठ वर्ग में साक्षी, अनामिका, दिव्यांशी रावत, संस्कृत नाटक प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोबरियासार, कोटडीसैण, रिखणीखाल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। संस्कृत समूह गान कनिष्ठ वर्ग में राजकीय इँटर कॉलेज कर्तिया, रिखणीखाल, सिद्धखाल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। इस मौके पर शालिनी बलोदी, बृजमोहन देवरानी, मोहित सुंद्ररियाल, विनीता ध्यानी आदि मौजूद रहे। मंच संचालन विनोद डोबरियाल ने किया।

# पुलिस ने तीन वाहन किये सीज, सात लोगों के काटे चालान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही कर रही है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले तीन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इनके वाहन सीज कर दिए। इसी के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले सात लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

इस साल अभी तक शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में पुलिस ने साढ़े चार सौ वाहनों को सीज कर दिया है। पौड़ी के एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जिले भर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अभियान चला रही है। इन मामलों में जहां वाहनों को सीज कर दिया जा रहा है वहीं ऐसे वाहन चालकों के डीएल के निरस्तीकरण की संस्तुति भी की जा रही है, ताकि ऐसे मामलों पर अंकुश लग सके। एसएसपी ने बताया कि वाहन दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रखा गया है। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को पहले से ही दिशा-निर्देश जारी किए गए है। पुलिस सार्वजिनक स्थानों पर शराब पुीकर हुंडदंग करने वालों से भी सख्ती से निपट रही है। कोटद्वार में पुलिस टीम ने अलग अलग जगहों पर 7 हुड़दंग करने वालों के पर चालानी कार्रवाई की है। जबकि शराब पीकर वाहन चलाने 3 वाहन चालकों के वाहनों को सीज कर डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है।

### छात्रों को दी नई शिक्षा नीति की जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यक्रम संरचना के प्रति छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। एनईपी समन्वयक प्रो. प्रशांत कंडारी ने छात्रों को नई शिक्षा नीति की विशेषताओं और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति राजेश सिंह नेगी ने भारतीय जीवन बीमा निगम में कोमल जीवन योजना के अन्तर्गत पुत्र के नाम पर पॉलिसी संख्या 272333544 कराई थी। जिसमें मेरे पुत्र का बचपन का नाम शिवम नेगी अंकित हो गया है। जबकि मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम आयुष राज नेगी है। आयुष राज नेगी एवं शिवम नेगी दोनों मेरे ही पुत्र के नाम है। मेरे पति की मृत्यु हो चुकी है। मेरे पुत्र आयुष राज नेगी को उक्त पॉलिसी संख्या 272333544 का लाभ प्रदान किया जाये।

**रेखा नेगी पत्नी स्व. राजेश नेगी निवासी अमर कॉलोनी, काशीरामपुर मल्ला, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0506/21)


# नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही



अल्मोड़ा, जनपद के एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाईन अल्मोड़ा के सभागार में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ क्राईम मीटिंग व पुलिस कर्मचारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सैनिक सम्मेलन में उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों से उनकी व्यक्तिगत, सामूहिक एवं विभागीय समस्याएं पूछकर उनका निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। एसएसपी ने जनपद के समस्त थानों में दर्ज अपराधों, अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही एवं अपराधों के निस्तारण/ लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। आगामी त्यौहार दीपावली आदि के दृष्टिगत जनमानस मे सुरक्षा भाव को लेकर जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को भीड़ वाले इलाकों में प्रभावी पैदल गस्त/पिकेट लगाने के निर्देश एसएसपी ने दिए। एसएसपी ने समस्त थाना प्रभारी, एसओजी को नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाकर मादक पदार्थों की बरामदगी व नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही सख्त हिदायत दी कि नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही होगी। बैठक में एसएसपी ने नाबालिगों व महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, त्यौहारी सीजन के दृष्टिगत संदिग्ध स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन, साईबर शिकायतों को गंभीरता से लेने, जनता के साथ शालीन व्यवहार करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने फायर स्टेशन अल्मोड़ा, रानीखेत को आगामी त्यौहार के दृष्टिगत विशेष सावधानी बरतने व दीपावली त्यौहार पर भीड़–भाड़ वाले इलाकों तथा पटाखा बाजार क्षेत्र में फायर टेन्डर, अग्निशमन उपकरणों को तैनात करने के निर्देश दिए। बैठक में थानाध्यक्ष चौखुटिया सतीश चन्द्र कापड़ी को पुलिस ऑफिसर ऑफ़ द मंथ चुना गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी, कार्मिकों को सम्मानित किया गया। बैठक में सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, सीएफओ नरेन्द्र कुंवर, प्रभारी निरीक्षक रानीखेत अशोक धनकड़, निरीक्षक पुलिस दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, एफएसओ महेश चन्द्र, निरीक्षक जानकी भण्डारी, निरीक्षक यातायात दरबान सिंह मेहता, कंपनी कंमाडर, एसडीआरएफ, पीआरओ प्रमोद पाठक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# विधायक ने किया मोटरमार्ग का शिलान्यास

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम पंचायत गहड़ के मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य का शुक्रवार को देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने शिलान्यास किया। मोटर मार्ग की सौगात मिलने पर गहड़ के ग्रामीणों ने विधायक विनोद कंडारी का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। लोक निर्माण विभाग के ओर से ढाई किलोमीटर के मोटरमार्ग 80 लाख 33 हजार रुपये से पूरा किया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि ग्रामीण लम्बे समय से मोटर मार्ग की मांग कर रहें थे। कहा कि आज उन्होंने ग्रामीणों की मांग को भी पूरा कर दिया है।

कंडारी ने कहा कि देवप्रयाग विधानसभा को कोई भी ऐसा गांव नहीं है जो सड़क से अछूता नहीं है। कहा कि जो सड़क वन विभाग में अटकी हुई है उनकों जल्द ही स्वीकृत करवाया जायेगा। कहा कि वह देवप्रयाग विस क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र कुंवर, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष विकास मेहरा, ठेकेदार संघ अध्यक्ष देवेंद्र बुटोला, मण्डल अध्यक्ष प्रमेंद्र पंवार, ग्राम प्रधान गहड़ अमित कैंतुरा, लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर सहायक अभियंता निरंजन सिंह रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य जयपाल राणा, रणजीत जाखी, दीपक राणा सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0 / उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये |
|---|---|---|---|
| 1 | 11/S&T/Sig/LC Interlocking/2023-24 इंटरलाकिग ऑफ 14नबरस ऑफ एलसी गेटस टीवीयू 50000 ओवर मुरादाबाद डिवीजन | 40408046.38 | 352100.00 |
| 2 | 06/S&T/Sig/UFSBI/MB/2022-23 प्रोविजन ऑफ रिपलेसमेंट ऑफ एफएम डायडो ब्लाक इन्सटूमेंट इन एमबी–सीएच–बीड़ी एंड एच डब्लू–डीडीएन सैक्शन ऑफ मुरादाबाद डिवीजन | 2686252.2 | 53700.00 |
| 3 | 02/S&T/Sig/MB/Umbrella work 2021-22 रिपलेसमेंट ऑफ ओवरएज एसेसट लाइक पाइंट मशीन एण्ड रिलेस ऑफ डिफरेंट टाइप आन सहारनपुर लखनऊ सैक्शन ऑफ मुरादाबाद डिवीजन। | 29441235.28 | 297200.00 |
| 4 | 01/S&T/TWS/MB/2023-24 प्रोविजन ऑफ टीडब्लू एस पाइंट मशीन एंड कनेक्टेड वर्कस ओवर मुरादाबाद डिवीजन। | 20708727.71 | 253600.00 |
| 5 | 10-SNT-Sig-MB-MLB-ELB मिडर्टम रिहेबलेशन ऑफ एमएलबी इंटरलाक्ड एलसी गेटस विद इएलबी इन आरएसी–एलकेओ, एमबी, सीएच–एलजेएनए सीएच–बीई, जीजेएल–एमजेडएम–केआरजे–एमटीसी एंड एलआरजे–एचडब्लू–डीडीएन–आरकेएसएच सेक्शन ऑफ मुरादाबाद डिवीजन। | 42569992.67 | 362900.00 |
| 6 | 144RT5-Tele-SNT-MB इमप्रूवमेंट ऑफ कम्यूनिकेशन बाई रिपलेसिंग डिफेक्टीव क्वाड केबिल ओवर मुरादाबाद डिविजन अंडर एडीएसटी एमबी, | 3626687.00 | 72500.00 |
| 7 | 30/Tele/S&T/MB/2022-2023 प्रोविजिन ऑफ केबिल सिफटिंग ऑफ कपूर कम्पनी ब्रिज एमबी यार्ड ऑफ मुरादाबाद डिवीजन। | 1798919.11 | 36000.00 |

निविदा फॉर्म की लागत रु: सं. 1 से 7 : Nil

निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय: सं. 1 से 7 : 11.11.2024 15:00 hrs.

नोट: निविदा के पूरा विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा सूचना: 11/06/02RT2/10/01/Sig/SNT/30/144RT/Tele-MB-2023-24
दि0: 18.10.2024

3245/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बागवानी के विकास के साथ ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखना जरूरी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में हिमालय में बागवानी विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह में तकनीकी पैनल एवं पोस्ट सत्र का आयोजन किया गया। द्वितीय दिन के सत्र में देशभर से आए वानिकी, उद्यान एवं कृषि संबंधित विज्ञान के विशेषज्ञों ने देश में बागवानी की संभावनाओं पर मंथन किया। वानिकी, उद्यान एवं कृषि संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय की उद्यानिकी विभाग की प्रो. रत्ना राय ने कहा कि हिमालय क्षेत्र में बागवानी के उत्पादों की देश-विदेश में अलग पहचान है।

हिमालय के मौसम का प्रभाव यहां के फल-फूलों की पोषक शक्ति को विशेष बनाता है, इसलिए उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए यहां बागवानी में रोजगार की विशेष संभावनाएं हैं। सत्र में डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय के द्विवेदी ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में बागवानी के उत्पादों को उन्नत तकनीक और अनुसंधान के माध्यम से और बेहतर किया जा सकता है। हमें उन्नत किस्मों का विकास कर बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को और बढ़ाना होगा, ताकि यह क्षेत्र किसानों के लिए अधिक लाभदायक बन सके। संकायाध्यक्ष डॉ. एके नेगी ने स्थानीय फल और सब्जियों की पैदावार बढ़ाने के लिए जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकी और संसाधन प्रबंधन की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो आरके. मैखुरी ने कहा कि बागवानी के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन भी बनाए रखना जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. मुनीष कुमार, डॉ. डीएस चौहान, डॉ. तेजपाल सिंह बिष्ट आदि ने विशेष सहयोग दिया।

## एक नजर

### एनडी तिवारी ने रखी थी उत्तराखंड राज्य की मजबूत नींव

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने पूर्व सीएम एनडी तिवारी की जयंती और पुण्य तिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखंड राज्य की जो मजबूत नींव रखी, उस पर आज एक इमारत खड़ी हो पाई है। उन्होंने कहा नारायण दत्त तिवारी के मुख्यमंत्रित्व काल में राज्य में विभागों का ढांचा तैयार कर विकास की नई बुनियाद डाली गई थी। 900 करोड़ की वार्षिक योजना का आकार बढ़ाकर 5000 करोड़ तक पहुंचाया गया। राज्य में औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित कर राज्य के बेरोजगार नवयुवकों के लिए रोजगार सृजन करने का काम किया गया। इससे पूर्व उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय मे स्व. तिवारी श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जोशी ने कहा कि पं. तिवारी जैसे महान व्यक्तित्व समाज के लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत रहेंगे। उन्होंने केन्द्री मंत्री, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए जिस प्रशासनिक दृढता और सूजबूझ का परिचय दिया, वह हमारे लिए आज भी आदर्श है। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष जसविन्दर सिंह गोगी, पूरन सिह रावत, नवीन जोशी, अमरजीत सिंह, माहरा दसौनी, शीशपाल सिह बिष्ट, सुनीता प्रकाश, जगदीश धीमान, मोहन काला, बिरेन्द्र सिंह पंवार, गुल मोहम्मद, अनुराधा तिवाडी, मंजू, सावित्री थापा, पूनम कंडारी, ललित भ्रदी, निहाल सिह, आदर्श सूद, आदि शामिल थे।

### दीपावली को 31 अक्तूबर का भी अवकाश घोषित करे सरकार

देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद दीपावली पर्व को लेकर 31 अक्तूबर को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में 25 अक्तूबर तक दीपावली बोनस और केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। परिषद प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार पाण्डे ने कहा कि दीपावली 31 अक्तूबर को मनाई जानी है। इस दिन सरकार की ओर से सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों को बड़ी दिक्कत पेश आएगी। दीपावली सबसे बड़ा पर्व है। इसे देखते हुए 31 अक्तूबर को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। कहा कि महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से बढ़ा कर 53 प्रतिशत किया जाए। महंगाई भत्ता दीपावली से पहले ही घोषित कर कर्मचारियों के खातों में इसका लाभ भी सुनिश्चित कराया जाए। दीपावली से पहले बोनस की भी घोषणा की जाए।

### शक्ति केन्द्र संयोजकों को दी दीपावली की शुभकामना

देहरादून। भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने दीपावली के मौके पर करनपुर मंडल एवं केदार नगर मंडल के शक्ति केंद्र संयोजकों के परिवार से मिलकर राम दरबार भेंट किया। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता है और हमें समय–समय पर कार्यकर्ताओं के परिवार से मिलकर उनकी कुशलता की जानकारी लेनी चाहिए। कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम के माध्यम से मुलाकात हो पाती है परंतु परिवार से मिलना नहीं होता।

# कांग्रेस ने उठाई मांग, एनएच प्रभवितों को बाजार रेट पर मिले मुआवजा



कोटद्वार में उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सनेह क्षेत्र में बनाए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रभावितों को बाजार रेट पर मुआवजा देने की मांग को लेकर कांग्रेस ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। कहा कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को मदद मिले इसका पूरा ध्यान रखा जाएं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में राजमार्ग बाइपास प्रभावित तहसील में पहुंचे और उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि वार्ड नंबर एक, दो व तीन में राष्ट्रीय राजमार्ग के बाइपास का निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। प्रभावित परिवारों को भूमि लेने से पूर्व उन्हें उचित मुआवजा देने की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। पूर्व में शिकायत भी मिली है कि कई परिवार वार्ड में दशकों से रह रहे हैं। लेकिन, दस्तावेज के अभाव में उन्हें मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। कहा कि ऐसे परिवारों के लिए भी योजना तैयार की जानी चाहिए। इसके लिए बाकायदा प्रशासन की एक टीम भी गठित की जानी चाहिए।

कहा कि यदि मुआवजा वितरण में लापरवाही बरती गई तो कांग्रेस परिवारों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। इस मौके पर बलवीर सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, गोपाल सिंह गुसाईं, धर्मपाल सिंह, महावीर सिंह, रंजना रावत आदि मौजूद रहे।

### खेल महाकुंभ चार नवंबर से

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : विकासखंड पाबौ में खेल महाकुंभ 2024 का आयोजन आगामी 4 से 7 नवम्बर 2024 तक खुडडेश्वर मैदान पाबौ में किया जायेगा।

विकासखंड पाबौ के युवा कल्याण अधिकारी भगवान सिंह गुसाईं ने बताया कि क्षेत्र के प्रतिभागियों को पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाते हुए ऑफ लाइन फार्म, जन्म प्रमाण, आधार कार्ड, स्थाई निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति साथ में लाना अनिवार्य है। कहा कि प्रतिभागी एक ही आयु वर्ग में प्रतिभाग करेगा। प्रतिभागी 02 व्यक्तिगत एवं 01 टीम प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकता है। पंजीकृत प्रतिभागी ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेगा। प्रतिभागी की आयु 31 जुलाई 2024 के अनुसार तय होगी। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं क्रमशः पांच सौ, चार सौ एवं तीन सौ रुपये पुरस्कार की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। युवा कल्याण अधिकारी ने सभी लोगों से खेल महाकुंभ को सफल बनाने के लिए सहयोग देने की अपील की है।

### करवा चौथ पर रहेगा भद्रा का साया

देहरादून। करवा चौथ का पर्व 20 अक्तूबर को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाया जाने वाला करवा चौथ पर्व हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है। करवाचौथ पर विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। जिसका पारण चांद निकलने पर किया जाता है। व्रत के दौरान करवा माता, भगवान गणेश और चंद्रमा की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। इस साल करवा चौथ पर भी भद्रा का साया रहेगा। ज्योतिषाचार्य डॉ.सुशांतराज के मुताबिक, शास्त्र में भद्रा को शुभ माना गया है। कहा जाता है कि भद्रा शुभ कार्यों में बाधा उत्पन्न करती है। इस वर्ष करवा चौथ पर 20 अक्तूबर को 21 मिनट तक भद्रा का साया रहेगा। करवा चौथ के दिन पूजा का शुभ समय शाम 5:46 बजे से शुरू हो रहा है। यह शुभ मुहूर्त शाम 7:02 तक रहेगी। करवा चौथ के दिन भद्रा सुबह 06:24 से 06:46 तक रहती है। करवा चौथ व्रत की शुरुआत भद्रा काल शुरू होने से पूर्व ही हो जाएगी।

### छात्र अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें

देहरादून। डीबीएस कालेज में शुक्रवार को एनएसयूआई छात्र संगठन की ओर से फ्रेशर पार्टी अपणि पचछ्याण का आयोजन किया गया। जिसमें कई तरह के कार्यक्रम हुए। प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी,शिक्षाविद डा. सुनील अग्रवाल, कांग्रेस नेत्री सोनिया आनंद, कांग्रेस प्रदेश सचिव टीटू त्यागी और महेश जोशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्र नेता हर्ष राणा, संदीप धीमान, सौरव, प्रदीप तोमर, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरुण टम्टा, संजय उनियाल, अखिल गुल्याल और हरि ओम भट्ट ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि स्कूल से कालेज की दहलीज पर कदम रखना अपने आप में ही अनुभव है।

# मुख्य सचिव ने "उत्तराखण्ड निवास" की तैयारियों का लिया जायजा



देहरादून। उत्तराखण्ड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित उत्तराखण्ड निवास का दौरा किया। इस दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मा0 मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का विशेष रूप से भव्य आयोजन किया जाना है, जिसकी शुरूआत नई दिल्ली में उत्तराखण्ड निवास के शुभारम्भ, दिल्ली में रहने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उत्तराखण्ड मूल के अधिकारियों, कार्मिकों व प्रवासियों की भागीदारी से आयोजित किया जाएगा। मुख्य सचिव ने उत्तराखण्ड निवास के शुभारम्भ तैयारी के बारे में कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से जानकारी ली और उन्होंने कार्यक्रम के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस दौरान सचिव ऊर्जा डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, परियोजना प्रबंधक राकेश चन्द तिवारी, योगेश कुमार, सहायक अभियन्ता प्रमोद कुमार कोठियाल, उत्तराखण्ड सदन के विशेष कार्याधिकारी रंजन मिश्रा सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# दौड़ में आदर्श व रिया रहे प्रथम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय इंटर कॉलेज सेंधीखाल में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस दौरान दौड़ प्रतियोगिता में आदर्शन व रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान भगत सिंह रावत, सूरजपाल सिंह नेगी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुकेश घिल्डियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र मोहन बमराड़ा, चंद्रमोहन सिंह रावत ने बताया कि छह सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग में आदर्श, सूरज व अनुज, बालिका वर्ग में रिया, अनीशा व नेहा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद बालक वर्ग में आदर्श, प्रियांशु व अभिषेक और बालिका वर्ग में रिया, अनीशा व सभ्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर धीरेंद्र सिंह बिष्ट, दीवान सिंह रावत, मनोज कुमार रावत, अखिलेश रावत, राजेश कांत डबराल, रतन सिंह बिष्ट, अशोक कुमार उनियाल, मनोज कुमार रावत, महेंद्र कुमार लखेड़ा, यशपाल रावत, भास्कर बहुखंडी, सुनील पटवाल, आशीष मधवाल, सतीश कुमार, अशोक कुमार, मनोज कुमार, हरि सिंह रावत, भारत सिंह नेगी, दीपिका नैथानी, देवेंद्र रावत, मनोज भंडारी, सुषमा आदि मौजूद रहे।



आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते शिक्षक।

# प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मनित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि संस्कृत हमारी धरोहर है और हमारे छात्र ही इस संस्कृति को आगे बढ़ा सकते है। उन्होंने संस्कृति और संस्कृत और तथा संस्कार का परिचय देते हुए कहा कि यही हमारे नैतिक मूल्य के आधार भी है हमें इनको जीवन में उतारना चाहिए। नागेंद्र चौहान ने कहा कि छात्रों ने बहुत कम समय व विकट परिस्थितियों में भी संस्कृति जैसे विषय में अपना कार्यक्रम में स्थान बनाया। यह हमारे लिए गौरव का विषय है। छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए एवं मार्गदर्शन करते हुए बबीता ने खंड स्तर पर विद्यालय की ओर से छात्रों का पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान कक्षा दसवीं से दीपक, अंकित, आशीष, आंचल, कक्षा 9 से वंदना सोनम ने संस्कृत नाटक में प्रथम स्थान प्राप्त कर किया। इसके साथ ही वाद-विवाद में अंशिका, भानु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, श्लोकोच्चारण में अनुभव ने प्रतिभागिता का प्रशस्तिपत्र प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में आंचल, सुरभि, अर्चना, साक्षी, नशरा सानिया को नृत्य में प्रतिभागिता हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. पद्मेश बुडाकोटी ने किया।



आयोजित कार्यक्रम में विद्यर्थियों को सम्मानित करते शिक्षक

### नर्सिंग के खाली पदों पर जल्द भर्ती सुनिश्चित कराए सरकार

देहरादून। उत्तराखंड नर्सिंग बेरोजगार महासंघ ने स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग में नर्सिंग के खाली पदों पर शत प्रतिशत भर्ती सुनिश्चित किए जाने की मांग की। महासंघ की शुक्रवार को प्रेस क्लब में हुई सभा में नौ नवंबर को 1455 पदों पर चयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति दिए जाने की मांग की गई।

महासंघ अध्यक्ष हर्ष व्यास ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में सरकार ने नर्सिंग अधिकारियों के 3000 पदों पर भर्ती की। इसके लिए महासंघ सरकार का आभार जताता है। सरकार अब नौ नवंबर को 1455 पदों पर चयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान करे। ताकि प्रदेश में आम जनमानस को उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। हरिद्वार, पिथौरागढ़ और रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज में 1000 पदों पर नियमित नर्सिंग भर्ती जल्द की जाए।

### वयोवृद्ध राज्य आंदोलनकारी बब्बर गुरुंग को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

देहरादून। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गोर्खाली नेता बब्बर गुरुंग के निधन पर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए लोग उमड़ पड़े। अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। गोरखा रेजीमेंट की ओर से भी उन्हें श्रद्धाजंलि दी गई।

बब्बर गुरुंग के पुत्र विनय गुरुंग ने उन्हें टपकेश्वर घाट पर मुखाग्नि दी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण के लिए चले आंदोलन में गोरखा समुदाय को राज्य के पक्ष में खड़ा करने और राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले बब्बर गुरुंग का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि हमेशा पृथक उत्तराखंड राज्य निर्माण के पक्ष में रहने वाले गुरुंग ने राज्य आंदोलन के दौरान अनेक बार जेल यात्रा की। धस्माना ने कहा कि उनके निधन से उत्तराखंड ने एक सरल मृदुभाषी संघर्षशील नेता खो दिया। अनेकों संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने भी उनके परिजनों और इष्टमित्रों को इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री गोदावरी थापली, गोर्खाली सुधार सभा अध्यक्ष पदम सिंह थापा, मधुसूदन, राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट, राज्य आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती, श्री सिद्धेश्वर मंदिर के प्रधान एसबी थापा, उज्ज्वल थापा, अनिता गले, ग्राम प्रधान दुर्गा राई, सुखदेव, वीरेंद्र पोखरियाल समेत बड़ी संख्या में गढ़ी डाकरा, कौलागढ़ के नागरिक अंतिम संस्कार में शामिल हुए।


## कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।

### उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 4018/18ए0सी0 दिनांकः- 14/10/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 28/10/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21/10/2024 से 26/10/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 28/10/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र लैन्सडौन के विकासखण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत ख्यांणाई मलली बिचली-बिलकोट-ध्यानीगांव--सन्दोली मोटर मार्ग का निर्माण कार्य, हेतु सर्वेक्षण, मृदा परीक्षण, डिजाइन, ड्राईंग, डी0पी0आर0 गठन का कार्य। | 23,000.00 | 1,000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड, लो0नि0वि0 देहरादून में सेतु कार्य हेतु सूचीबद्ध एमपैनल्ड परामर्शी संस्थायें। |

निविदा दिनांक 29/10/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
दुगड्डा (गढ़वाल)


# न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का हुआ आगाज

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** विकास खंड कल्जीखाल की न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आगाज हो गया है। शुक्रवार को विकासखंड कल्जीखाल मुख्यालय में कारगिल शहीद धर्म सिंह रावत राइका कल्जीखाल, न्याय पंचायत पांचाली के राइका पुरियाडांग और न्याय पंचायत घंडियाल के अटल उत्कृष्ट राइका कांसखेत प्रांगण में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू हो गया है। तीन चरणों में होने वाला खेल महाकुंभ ब्लॉक न्याय पंचायत स्तरीय विजेता ब्लॉक स्तर पर प्रतिभाग करेंगे और ब्लॉक स्तरीय विजेता जनपदीय स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रतिनिधत्व करेंगे तथा जनपदीय स्तरीय विजेता राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतिभागता करेंगे। विकासखंड कल्जीखाल मुख्यालय में कारगिल शहीद धर्म सिंह रावत राइका कल्जीखाल में खेल महाकुंभ का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल मिंटू ने किया। इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन सिंह पटवाल, एसएमसी अध्यक्ष विक्रम पटवाल, समाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार, प्रधानाचार्य श्रीमती किरण बाला, व्यायाम शिक्षक राइका कल्जीखाल अजय भारती, व्यायाम शिक्षक राहुल नेगी राउमा नंदाखाल, व्यायाम शिक्षक राइका नलाई आदि मौजूद रहे।



वहीं न्याय पंचायत पांचाली के राइका पुरियाडांग में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ ग्राम प्रधान धारी मदन सिंह रावत, समाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, पुरातन छात्र एवं भारत सरकार से सेवानिवृत जनार्दन बलूनी ने किया। इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष अशोक रावत, समाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र प्रसाद नैथानी, ग्राम पंचायत प्रधान ओलना मोहन रावत मौजूद रहे। इस दौरान सभी खेल प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित करते हुए प्रतिभागियों से उम्मीद जताई वह खेल में न्याय पंचायत और ब्लॉक का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य मनोज कुमार घुनियाल ने खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने आए अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। खेल महाकुंभ में निर्णायक की भूमिका में व्यायाम शिक्षक कृष्णपाल चौधरी राइका पुरियाडांग, वीर अर्जुन चौखली राइका दिउसी, बिपिन चंद्र उनियाल राउमा डांगी रहे। महाकुंभ का संचालन वरिष्ठ अध्यापक सुनील चौहान एवं बालम सिंह राणा ने किया। वहीं न्याय पंचायत घंडियाल का खेल महाकुंभ का आयोजन अटल उत्कृष्ट राइका कांसखेत प्रांगण में क्षेत्र पंचायत सदस्य सपना रावत ने किया। प्रधानाचार्य राकेश प्रजापति ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक जगदम्बा प्रसाद डोभाल, व्यायाम शिक्षिका प्रीति खंडूरी राउमा घंडियाल, व्यायाम शिक्षक अनुर्कित धनोसी राउमा बागनीखाल आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेताओं ने स्व.एनडी तिवारी को याद किया

देहरादून। कांग्रेस भवन में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्व.एनडी तिवारी को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देकर याद किया गया।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्व.तिवारी के राजनीति में योगदान को याद किया। केंद्र के साथ ही यूपी और उत्तराखंड में उनके कार्यकाल को वक्ताओं ने रखा और कहा कि उत्तराखंड की प्रथम निर्वाचित सरकार का नेतृत्व करते हुए स्व.तिवारी ने राज्य के विकास की नींव रखने का काम किया। महानगर अध्यक्ष डॉ.गोगी ने कहा कि उत्तराखंड में उद्योगों की स्थापना का श्रेय स्व.तिवारी को जाता है।

उन्होंने यहां के औद्योगिक क्षेत्रों का विकास कर रोजगार के नए अवसर पैदा किए। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत, नवीन जोशी, सावित्री थापा, सुनिल जयासवाल, जगदीश धीमान, विरेन्द्र पंवार, शकील मंसूरी, सूरज छेत्री, रामबाबू, अरविंद गुरु, हरीश मेहरा, साजिद मलिक, पूनम, शोभित थापा, मंजू चौहान, इंदु सिंह, अमित अरोड़ा, संदीप जैन, दीपक पंवार समेत अन्य मौजूद रहे।

### मसूरी अस्पताल से बिना कारण बताए मरीज रेफर किए तो होगी कार्रवाई

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल शुक्रवार को मसूरी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने उप जिला अस्पताल का जायजा लिया। मसूरी अस्पताल से मरीजों को बिना कारण बताए रेफर करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। साथ ही आईसीयू बंद होने और ओटी नहीं चलने पर उन्होंने स्टॉफ के साथ ही उपकरण उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी। उप जिला अस्पताल मसूरी में शुक्रवार को सभी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद थी। जिलाधिकारी के अस्पताल पहुंचने से पहले ही यहां कई बार पोछा लग चुका था। आसपास भी सफाई का खास ख्याल रखा जा रहा था। जिलाधिकारी सविन बंसल को पहले गुरुवार को मसूरी दौरे पर आना था, लेकिन कार्यक्रम में बदलाव के बाद वह शुक्रवार को यहां पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में डॉक्टरों और स्टॉफ से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। आईसीयू के बंद होने और आथी ओटी नहीं चलने की वजह पूछी। तो बताया गया कि मशीनों को चलाने के लिए तकनीशियन नहीं है। विशेषज्ञ डॉक्टरों और उपकरणों की कमी बताई गई। इस पर जिलाधिकारी ने उपकरण के साथ ही तकनीशियन उपलब्ध करवाने की स्वीकृति मौके पर ही दी। साथ ही अस्पताल की अन्य मांगों के प्रस्ताव को भेजने के निर्देश भी दिए। डीएम ने अस्पताल के अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि मरीज को रेफर करने की वजह साफ तौर पर लिखनी होगी।

मसूरी अस्पताल को रेफरल सेंटर न बनाएं। साथ ही अस्पताल की जरूरत के लिए जो भी जरूरी है उसका तत्काल प्रस्ताव भेजें, ताकि बजट जारी किया जा सके।


जयन्त

संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79


फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com